नई दिल्ली
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
दशमी/एकादशी वर्ष : 27, अंक : 257
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 22.0
न्यून. 3.1

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



09 राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगी स्वीटी

haribhoomi.com



## 500 से अधिक कारों की चोरी व टेम्परिंग में गिरोह रहा है शामिल

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, एक दर्जन कारें बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की ऑपरेशन यूनिट ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक दर्जन कारें बरामद की है। दो वाहन चोरों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पाया कि यह गिरोह दिल्ली एनसीआर से अब तक 500 से अधिक कारों की चोरी और टेम्परिंग में शामिल रहा है। गिरफ्तार दोनों बदमाशों के नाम शाकिब उर्फ गड्डू और मोहम्मद नाजिम है। बरामद कारों में क्रेटा, वेन्यू, ब्रेजा, स्कॉर्पियो और अर्टिगा आदि शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार सिंडिकेट का सरगना शाकिब पिछले 6 वर्षों से मुख्य रूप से दिल्ली एनसीआर, रायपुर, छत्तीसगढ़ के दुर्ग, तेलंगाना के हैदराबाद, राजस्थान के जोधपुर, महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे, तमिलनाडु के चेन्नई और कर्नाटक के बेंगलुरु में 500 से अधिक कारों की चोरी में शामिल रहा है। नाजिम को चोरी की स्विफ्ट कार में नोएडा जाते समय सीमापुरी सीमा से गिरफ्तार किया गया। कार के चेसिस नंबर की जांच करने पर पता चला कि यह थाना गोविंद पुरी से चोरी की गई थी। लगातार पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि वह शाकिब उर्फ गड्डू-वसीम गिरोह के लिए काम करता है। वह चोरी के वाहनों को मेरठ से शाकिब के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग में वसीम तक पहुंचाता है। इसके बाद हैदराबाद और रंगारेड्डी, तेलंगाना में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे गए। इन छापों के दौरान पांच लग्जरी कारें बरामद की गई। शाकिब भोंडसी जेल, हरियाणा में न्यायिक हिरासत में चल रहा था। उसे जेल से हिरासत में लिया गया। पूछताछ और आगे की जांच के लिए वह रिमांड पर है। शाकिब ने खुलासा किया कि वह अपने सहयोगी वसीम के साथ इस सिंडिकेट को चला रहा है। वसीम फिलहाल राजस्थान के जोधपुर में रह रहा है। जोधपुर से चोरी की कई गाड़ियां बरामद हो सकती है। इसके बाद जोधपुर में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर सात कारें बरामद की गई। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान कुल 12 लग्जरी कारें बरामद की गई है। सह गिरोह छह साल से सक्रिय था।

## लड़की चौथी मंजिल से नीचे गिरी, हालत गंभीर

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के घंटाघर इलाके में बुधवार रात एक 17 वर्षीय लड़की बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उसे सिविल लाइंस ट्रांमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हालात गंभीर बताई जा रही है। पुलिस केस की छानबीन कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला कि मोबाइल पर बात करते समय संतुलन खोने से लड़की नीचे गिरी। पुलिस के अनुसार घायल लड़की 12वीं कक्षा में पढ़ती है। रात 10:54 पर सिविल लाइंस के सुश्रुत ट्रामा सेंटर से पुलिस को सूचना मिली थी। सब्जी मंडी के घंटाघर के पास हरफूल सिंह बिल्डिंग से लड़की नीचे गिरी थी। लड़की को उसके पिता हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी चौथी मंजिल से नीचे गिर गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो बिल्डिंग के बाहर रोड पर खून बिखरा हुआ था। पुलिस के अनुसार अभी तक की जांच में कोई संदिग्ध मामला नजर नहीं आ रहा है। हालांकि यह बात भी सामने आ रही है कि लड़की का मोबाइल उसके कमरे में मिला है। लड़की खुद कूदी थी या उसका पैर फिसला यह उसके बयान के बाद ही साफ हो पाएगा।

## फतेहपुर बेरी : गुरुग्राम के क्लब मालिक पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण जिले के फतेहपुर बेरी थाना इलाके में डेरा मंडी रोड पर गुरुवार सुबह गुरुग्राम के एक क्लब मालिक के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की गई। घायल क्लब मालिक को एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

डीसीपी चंदन चौधरी ने क्लब मालिक का नाम सुंदर है। उन पर गोली चलाने के संबंध उनके भाई द्वारा सुबह 8.53 बजे सूचना दी गई थी। इस घटना में क्लब मालिक को गोली नहीं लगी लेकिन सिर में चोट आई है। यह वारदात फतेहपुर बेरी के डेरा मंडी रोड स्थित फार्म नंबर 21 के सामने हुई। शिकायतकर्ता राहुल ने बताया कि उसका भाई सुंदर सुबह गुरुग्राम से डेरा गांव स्थित घर आ रहा था तो कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि गांव तिगांव, फरीदाबाद के कुछ लोगों के साथ उनका लेनदेन का विवाद चल रहा है। पुलिस को घटनास्थल से तीन खाली कारतूस मिले हैं। सड़क किनारे ही उनकी क्षतिग्रस्त क्रेटा कार भी मिली। घायल को उनके रिश्तेदारों के द्वारा ही एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मौके पर हरकेश नामक शख्स भी मिला। वह सिकंदरपुर, गुरुग्राम का रहने वाला है। उसने बताया कि वह सुंदर के साथ जेएमडी माल रोड पर वह क्लब चलाते है। सुंदर का हमलावर गुरुग्राम से ही पीछा कर रहे थे। हमलावर एचआर 51 नंबर की दो कारों में सवार थे। उन्होंने ग्वाल पहाड़ी चौकी के पास भी उन पर फायर किया था। लेकिन सुंदर वहां से घर की तरफ भागा तो बदमाश पीछा करते रहे, जिसके बाद डेरा मंडी रोड पर फिर उन पर हमला किया गया। पुलिस इसे पुरानी दुश्मनी व लेनदेन के चलते हमला बता रही है।

## कई संगीन वारदातों में शामिल दो कुख्यात धरे

नई दिल्ली। अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराध में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी 2014 से फरार चल रहे थे। चार मामलों में इन्हें भगौड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था। इनके पास से दो पिस्टल व आधा दर्जन कारतूस बरामद हुये हैं। फिलहाल इस गिरफ्तारी के बाद दो मामले सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है। स्पेशल सीपी रविंद्र यादव के अनुसार पकड़े गये बदमाशों के नाम साहिल अरोड़ा उर्फ पंकज अरोड़ा (32) निवासी तिलक नगर और प्रिंस उर्फ सोनू बर्फी (32) निवासी टैगोर गार्डन एक्सटेंशन है। दोनों अपराधी विभिन्न थानों के सात से अधिक मामलों में संलिप्त पाए गए। साहिल गिरफ्तारी से बचने के लिए वर्ष 2014 से लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। चार अलग-अलग मामलों में इसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था। इनके बारे में हेड कांस्टेबल प्रवीण को सूचना मिली कि वसंत कुंज दक्षिण थाना एरिया के एक मामले सहित हत्या के प्रयास जैसे कई अन्य मामलों में संलिप्त अपराधी द्वारका गोल्फ कोर्स रोड के पास आएगा। इसके बाद डीसीपी अमित गोयल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। संभावित जगह पर जाल बिछाकर साहिल व प्रिंस को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान साहिल ने बताया कि 2014 में अपने साथियों गोपी, निक्कू और सचिन के साथ मिलकर दो लोगों पर गोली चलाई थी।

## एनकाउंटर के बाद गोगी गैंग का बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात गोगी गैंग के एक शातिर बदमाश राजेश थापा को पकड़ा है। इसके पास से एक देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गये। बदमाश स्थानीय व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने पहुंचा था। डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार अलीपुर पुलिस को स्थानीय व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने की सूचना मिली थी।

मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। यह पता चला कि गोगी गिरोह का संचालन कुख्यात गैंगस्टर योगेश उर्फ टुंडा ने संभाल लिया है, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। वह अपने गुर्गों के माध्यम से जबरन वसूली कॉल कर रहा है। पुलिस ने ट्रैप लगाकर सुशील कुमार निवासी रक्सेढ़ा गांव, जिला पानीपत, हरियाणा को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान सुशील ने खुलासा किया कि वह अपने साथियों हर्ष उर्फ चिंटू और करण थापा के साथ योगेश टुंडा के निर्देश पर अलीपुर और आसपास के इलाकों में व्यापारियों से रंगदाही वसूल रहा था। इसकी निशानदेही पर एक अन्य सह-आरोपी, हर्ष उर्फ चिंटू निवासी अलीपुर को ओमैक्स सिटी, सोनीपत से पकड़ा गया। इसी बीच गोगी गैंग के एक और फरार सदस्य के रंगदारी में सक्रिय होने की जानकारी मिली। स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा मुखमेलपुर गांव में शमशान घाट के पास जाल बिछाया गया। एक संदिग्ध को रुकने के लिए कहा गया, तो उसने मोटरसाइकिल की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जोकि बदमाश के बाएं पैर में लगी। इसकी पहचान अलीपुर निवासी राजेश थापा के रूप में हुई। उसे एसआरएचसी अस्पताल ले जाया गया जहां से रोहिणी के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बापरौला: प्लास्टिक बैग में मिले मानव शरीर के अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले के नांगलोई नजफगढ़ रोड पर बापरौला के पास गुरुवार सुबह एक प्लास्टिक बैग में मानव शरीर के अंग पाये जाने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने अंगों को कब्जे मे लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। हत्या का केस दर्ज कर आगे की पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सुबह 9:27 बजे एक स्थानीय निवासी ने पीसीआर कॉल कर बताया कि नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर बापरोला के पास खुले नाले में एक पॉलिथीन पड़ी है, जिसमें किसी के हाथ और पैर हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नाले से एक पारदर्शी पॉलिथीन बैग कब्जे में लिया। जांच करने पर उसमें शरीर के अंग पाए गए। बाद में उसी सड़क किनारे लगभग एक किमी दूर एक पुरुष शरीर के निचले हिस्से के साथ एक और पॉलिथीन मिली। क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है और शरीर के हिस्सों को शवगृह भिजवाया। अन्य हिस्सों की तलाश जारी है। बाहरी जिला पुलिस की कई टीमें जांच में लगाई गई है। मृतक की पहचान करने और आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। आसपास के थानों में इसकी सूचना दे दी गई है।

## दुष्कर्म व हत्या के नौ दिन बाद शव बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 12 दिसंबर को कथित तौर पर अगवा हुई नौ साल की बच्ची का शव गुरुवार को बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारी टीम के साथ छह गोताखोर बच्ची के शव को ढूंढ रहे थे। हमने बृहस्पतिवार को हैदरपुर जल संयंत्र के समीप शव को बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मौत का असली कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) लोकेश ढींगरा उर्फ लोकी** पुत्र **सुधीर ढींगरा** निवासी **ए–32, तीसरी मंजिल, इंदर पुरी, दिल्ली (2) मनशेर सिंह** पुत्र **दीपक सिंह** निवासी **एफ–280, तीसरी मंजिल, न्यू राजिंदर नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 248/2023 U/S 20/23/29 NDPS Act, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) लोकेश ढींगरा उर्फ लोकी (2) मनशेर सिंह** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **(1) लोकेश ढींगरा उर्फ लोकी (2) मनशेर सिंह** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 248/2023 U/S 20/23/29 NDPS Act, थाना क्राईम ब्रांच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) लोकेश ढींगरा उर्फ लोकी (2) मनशेर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.02.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सुधीर कुमार सिरोही**
**विशेष न्यायाधीश/एनडीपीएस एक्ट**
**कमरा नं. 35, पी भवन**
**पटियाला हाउस कोर्ट,**
**नई दिल्ली**

DP/14749/Crime/2023(Court Matter)



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमसीएडीए डिवीजन सिरसा | चौटाला डिस्टी. के आरडी 71800/आर पर अंडर ग्राउंड पाइप लाइन बिछाने हेतु रिमॉडलिंग/पुनरोद्धार + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.12.2023 | 5.43 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9781899554 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23597/I/88/7 दि. 21.12.23


## छात्रों के खिलाफ जांच पर पुनर्विचार करेगा जेएनयू : कुलपति

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि पानी की कमी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए चार छात्र संघ के प्रतिनिधियों और 12 छात्रावास के अध्यक्षों के खिलाफ शुरू की गई सभी 'प्रॉक्टोरियल जांच' पर विश्विद्यालय प्रशासन पुनर्विचार करेगा। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के प्रतिनिधियों और छात्रावास के अध्यक्षों को 19 सितंबर को कुलपति के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने को लेकर पिछले महीने एक जांच नोटिस भेजा गया था। हालांकि, छात्रों के संगठन ने कहा कि वह 'थोड़ी' सांत्वना से खुश नहीं है।

## संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 जनवरी तक बढ़ाई

नई दिल्ली। एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आप नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि गुरुवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय से राज्यसभा सदस्य सिंह को अपने पांचवें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। सिंह को कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने सिंह को अभियोजन शिकायत (ईडी के आरोप पत्र के समान) के साथ-साथ पिछली अभियोजन शिकायतों और कुछ अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए समय मांगा।


### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO 47/ CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर-1, रोहतक में चारदिवारी को ऊंचा उठाने के साथ-साथ बारब्ड वायर की फिक्सिंग और अन्य सहायक सिविल कार्य, समय निम्नानुसार बढ़ा दिया गया है बंद होना : 27.12.2023, खुलना : 28.12.2023 अप. 01:00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | NO 02/2023-24 RO 20829 DATED 05.09.2023 | एसडीओ ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन अजराना कलां हेतु एक अदद वाहन महिन्द्रा बोलेरो को किराये पर लेने हेतु ई-निविदा। निविदा दस्तावेज की बिक्री की अन्तिम तिथि 27.12.2023 को अप 01.00 बजे तक, निविदा दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम तिथि 27.12.2023 को अप. 01:00 बजे तक, निविदा खुलने की तिथि 27.12.2023 को अप. 03:00 बजे | www.uhbvn.org.in https://etenders.hry.nic.in | 9354726175 xenopshahbad@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | 60/2023-24/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन गुहला के परिसर में नये ट्यूबवैल की बोरिंग 27.12.2023, 28.12.2023. | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xencivluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | NIT NO 05/UH/DSP/VOI-I DATED 24.11.2023 | भाग-1 जमा करने की तिथि 28.12.2023 (13:00 बजे तक) बढ़ा दी गई है और खुलने की तिथि 29.12.2023 (13:00 बजे) तक है। | www.uhbvn.org.in | 9356789900 Dsp@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/80/23613/I/88/7 दि. 21.12.23



### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 563 दिनांक 17.12.2023 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- दीपक
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राजेन्द्र
**पता**- कलानौर जिला रोहतक।
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर घुंघराले बाल।
**पहनावा** - काले रंग की टी शर्ट व नीले रंग की जींस पहने हुए।

दिनांक 17.12.2023 को दीपक पुत्र राजेन्द्र निवासी कलानौर जिला रोहतक थाना कलानौर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक - 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9350541106

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 186 दिनांक 30.07.23 धारा 346 IPC थाना लाखन माजर जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- वजीर
**पिता/पति का नाम**- नहीं पता
**पता** - गांव भगवतीपुर जिला रोहतक।
**उम्र**- 55 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, लम्बी नाक, सफेद-काले बाल, काली आँखे।
**पहनावा** - सफेद रंग का कुर्ता पजामा व पैरों में नीले रंग की जुती पहने हुए।

दिनांक 19.12.2023 को वजीर निवासी गांव भगवतीपुर जिला रोहतक थाना लाखन माजरा रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना लाखन माजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखन माजरा रोहतक- 9813211549

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 535 दिनांक 17.12.23 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- जितेन्द्र उर्फ राजु
**पति का नाम** - पुत्र वेदप्रकाश
**पता**- वार्ड न. 15 महम जिला रोहतक
**उम्र**- 42 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग साफ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काले बाल, काली आँखे,
**पहनावा** - सफेद रंग का कुर्ता पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 17.12.23 को. जितेन्द्र उर्फ राजु पुत्र श्री वेदप्रकाश निवासी वार्ड न. 15 महम थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9996781089

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 536 दिनांक 19.12.2023 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- जयबीर
**पति का नाम** - पुत्र विजय
**पता**- गांव सैमाण जिला रोहतक
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काले बाल, काली आँखे,
**पहनावा**- पीले रंग का कोट, नीली जींस व सफेद रंग के जुते पहने हुए है।

दिनांक 19.12.2023 को जयबीर पुत्र श्री विजय निवासी गांव सैमाण थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9996781089

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 943 दिनांक 18.12.23 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सुशील
**पिता/पति का नाम** - पुत्र रामरुप
**पता**- मकान न. 1080 वार्ड न. 1 शास्त्री नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 23 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा** - सफेद रंग की लाल चैकदार शर्ट व काले रंग की पैट व काले रंग के जुते पहने हुए।

दिनांक 18.12.23.23 को सुशील पुत्र श्री रामरुप निवासी मकान न. 1080 वार्ड न. 1 शास्त्री नगर रोहतक जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466516387

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 533 दिनांक 16.12.23 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सुनीता
**पति का नाम** - पत्नी सुरेन्द्र
**पता**- गांव फरमाणा खास जिला रोहतक
**उम्र**- 45 वर्ष
**कद**- 4 फुट 6 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे,
**पहनावा** - काले रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 16.12.23 को सुनीता पत्नी सुरेन्द्र निवासी गांव फरमाणा खास थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9671440235

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 487 दिनांक 18.12.2023 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- विकास
**पिता/पति का नाम** - पुत्र महेशर रजबार
**पता**- गांव हसनगढ जिला रोहतक।
**उम्र**- 19 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर बाल लाल किए हुए है।
**पहनावा** - पीले रंग की शर्ट, नीले रंग की जींस की पैन्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 18.12.2023 को विकास पुत्र श्री महेशर रजबार निवासी गांव हसनगढ जिला रोहतक थाना सांपला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 816847546

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 383 दिनांक 17.12.2023 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- विजय
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राकेश
**पता**- गाव बलियाणा जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काली आंखे, काले बाल व नाक के पास निशान तिल।
**पहनावा**- नहीं पता।

दिनांक 17.12.23 को विजय पुत्र राकेश निवासी गांव बलियाणा थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी आई.एम.टी रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी रोहतक- 9466676425

पीआरडीएच-1084/11/2002/2024/23583/88/7 दि. 21.12.23

नई दिल्ली
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, दशमी/एकादशी वर्ष : 27, अंक : 257
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 22.0
न्यून. 3.1

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा



## तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु में कुछ दिनों से भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति है। थूथुकुडी और तिरुनेलवेली के पलायमकोट्टई में जलभराव के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जलजमाव के कारण यातायात भी बाधित हो रही है। एनडीआरएफ की टीम थूथुकुडी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों के घरों में जाकर उन्हें राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण स्कूली छात्रों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थूथुकुडी के अलावा तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी अभी भी भारी बारिश के कारण जूझ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तमिलनाडु को केंद्र की तरफ से हर संभव मदद दी जाएगी।

ब्रिटिश अखबार को दिए साक्षात्कार में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत में मुसलमान 'खुशी' से और 'समृद्ध' होकर रह रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिटिश अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' के साथ इंटरव्यू में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई अन्य देशों में उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद मुसलमानों को भारत में सुरक्षित ठिकाना मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में अन्य जगहों पर उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद उन्हें भारत में एक सुरक्षित आश्रय मिला है। वे खुशी से और समृद्ध होकर रह रहे हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं है। इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी से भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के भविष्य के बारे में पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने पारसियों की आर्थिक सफलता की ओर इशारा किया। वर्ष 2023 के सरकारी अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, जो पूरी आबादी का 14.28% है।

## मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका

भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं



### स्वतंत्रता का उपयोग आरोपों को उछालने के लिए

पीएम मोदी ने इस साल की शुरुआत में जून में अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत में मुसलमानों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव से इनकार किया था। 23 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी से पूछा गया कि वह अपने देश में मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों में सुधार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं? इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा था कि इनमें सुधार की जरूरत नहीं है। जब पीएम मोदी से उनकी सरकार द्वारा अपने आलोचकों पर कथित कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक पूरा ईकोसिस्टम है जो हमारे देश में उपलब्ध स्वतंत्रता का उपयोग संपादकीय, टीवी चैनल, सोशल मीडिया, वीडियो, ट्वीट आदि के माध्यम से हम पर इन आरोपों को उछालने के लिए कर रहा है। उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। लेकिन दूसरों को तथ्यों के साथ जवाब देने का समान अधिकार है।

### जो हमारी सरकार पर संदेह करते हैं, वे गलत साबित होंगे

पीएम मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका। पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में, जब भारत आजाद हुआ, तो चले गए अंग्रेजों ने भारत के भविष्य के बारे में बहुत ही भयानक भविष्यवाणियां कीं। लेकिन हमने देखा है कि वे सभी भविष्यवाणियां झूठी साबित हुई है। जो लोग आज हमारी सरकार पर इसी तरह संदेह करते हैं, वे भी गलत साबित होंगे।










कश्मीर के पुंछ में घात लगाकर बैठे थे आतंकवादी

# सेना की दो गाड़ियों पर आतंकी हमला चार जवान शहीद, भीषण गोलीबारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आतंकियों के हमले के बाद भारतीय सेना के जवानों ने भी तुरंत जवाबी कार्रवाई की। आतंकियों की साजिश को नाकाम करने के लिए वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है। बताया जा रहा है कि देर रात तक दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि गुरुवार को पुंछ जिले के डेरा की गली (डीकेजी) इलाके में सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने बुधवार देर रात पुंछ जिले के डीकेजी के सामान्य क्षेत्र में ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि शाम 4 बजे से मुठभेड़ जारी है जब राष्ट्रीय राइफल्स के वाहनों पर पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में थन्नामंडी और बाफलियाज इलाकों के बीच हमला किया गया। मामले से परिचित लोगों ने कहा कि जवानों के अलावा एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया है। एक खुफिया अधिकारी ने कहा, इलाके में सार्वजनिक आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है।

### ये हुए शहीद

1. नायक बीरेंद्र सिंह (15 गढ़वाल राइफल)
2. नायक करन कुमार (एएससी)
3. राइफल मैन चंदन कुमार (89 आर्म्ड रेजीमेंट)
4. राइफल मैन गौतम कुमार 89 आर्म्ड रेजीमेंट)

*जम्मू संभाग के पुंछ जिले में एक बार फिर आतंकियों ने घात लगाकर सेना की एक ट्रक पर हमला किया है। राजौरी सेक्टर के थानामंडी इलाके में दो सैन्य वाहनों पर हुए आतंकवादी हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक महीने के भीतर पुंछ जिले में यह दूसरा आतंकी हमला है।*

हमले की जिम्मेदारी पीएएफएफ ने ली है




### पूर्व डीजीपी बोले- पाकिस्तान ने योजनाबद्ध हमला करवाया

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा- आर्मी व्हीकल पर हमला पाकिस्तान की तरफ से योजनाबद्ध तरीके से किया गया। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकी इस नैरेटिव को बदलना चाहते हैं।

### राजौरी में शहीद हुए थे दो सैनिक

बता दें पिछले माह राजौरी के कालाकोट में सेना और आतंकियों की मुठभेड़ हुई। तब सेना के दो सैनिक शहीद हुए थे। इस साल अप्रैल-मई में राजौरी-पुंछ में दोहरे हमलों में 10 सैनिक शहीद हुए थे। 2003 से 2021 कई आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई। पिछले दो वर्षों में क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 35 से अधिक सैनिक सैनिक शहीद हो गए हैं।



### एक दिन पहले पुलिस कैंप में हुआ था ब्लास्ट

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक पुलिस शिविर में ब्लास्ट हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (20 जनवरी) को इस घटना की जानकारी दी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पुलिस कैंप में खड़े कई वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

### 18 साल से फरार आतंकी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आत्मसमर्पण करने वाले एक आतंकवादी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जो पिछले 18 वर्षों से फरार था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, परवेज अहमद उर्फ हारिस नाम के आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादी को किश्तवाड़ में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया।

सोनिया की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की बैठक



## सीट शेयरिंग के साथ राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पर की चर्चा

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक की अध्यक्षता की।

इसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। विपक्षी गठबंधन इंडिया में समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग की योजना तैयार की गई। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शामिल हुए।हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस के आलाकमान की ये पहली बैठक है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनाएं

बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के संदर्भ में भी चर्चा की गई। मल्लिकार्जुन खरगे नेसभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने के विवाद तथा विपक्षी सांसदों के निलंबन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिन लोगों पर सांसदों के संरक्षण की जिम्मेदारी है, वो दलगत राजनीति का हिस्सा बनकर तथा जाति, क्षेत्र और व्यवसाय को ढाल बनाकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनानी होगी तथा समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी। नेताओं और कार्यकर्ताओं की यह मांग है कि राहुल पूर्व से पश्चिम की ओर दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा निकालें।

## खबर संक्षेप

### एक घंटे तक बाधित रही 'एक्स' की सेवाएं

नई दिल्ली। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक घंटे से अधिक समय तक सेवा बाधित रही जिससे उपयोगकर्ताओं ने मंच पर पोस्ट न देख पाने की शिकायत की।



एक्स पर सेवाएं कुछ समय बाद बहाल हो गई और पोस्ट दिखने लगीं।

### छग के भाजपा अध्यक्ष बने किरण सिंह देव

रायपुर। भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे अरुण साव उपमुख्यमंत्री बन जाने के बाद भाजपा ने प्रदेश संगठन में बदलाव किया है।



साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा

## संजीव और नीलम को साहित्य अकादमी पुरस्कार

मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाएं शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने बुधवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा की। हिंदी के लिए संजीव का उपन्यास 'मुझे पहचानो' और अंग्रेजी के लिए नीलम सरन गौर का उपन्यास 'रेक्यूम इन रागा जानकी' चयनित हुआ है। वहीं, पंजाबी के लिए स्वर्णजीत सवी का कविता संग्रह 'मन दी चिप' और उर्दू के लिए सादिका नवाब सहर का उपन्यास 'राजदेव की अमराई' पुरस्कृत किए गए हैं। यह पुरस्कार साहित्य अकादमी पुरस्कार-2022 से पिछले पांच वर्षों में पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। इन्हें सभी संबंधित भाषाओं के त्रि-सदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है। पुरस्कार की घोषणा करते हुए अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवास राव ने बताया कि यह पुरस्कार मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाओं में दिया जाएगा।



24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 358 नए मामले

## 300 मरीज केरल से आए, देश में 2669 मरीज कोरोना से पीड़ित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कोरोना वायरस ने फिर से अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 की बढ़ती रफ्तार और मृतकों का बढ़ता आंकड़ा माथे पर चिंता की लकीरें खींच रहा है।

वायरस का नया सब वैरिएंट जेएन-1 तेजी से फैल रहा है। इससे केंद्र समेत सभी राज्य सरकारें चिंतित नजर आ रही हैं। सभी ने अस्पतालों और स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। अस्पतालों को तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं। इसमें से सबसे अधिक 300 मामले केवल केरल से सामने आए हैं।



सीएम यादव दिल्ली पहुंचे, दो दिन तक रुकेंगे

## मंत्रिमंडल विस्तार के लिए क्राइटेरिया तय कल के बाद कभी भी हो सकती है शपथ

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद भोपाल से दिल्ली पहुंच गए। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन उन्होंने प्रदेश के सांसदों को रात्रि भोज दिया और प्रदेश के विकास में उनका सहयोग मांगा। डॉ. यादव मंत्रिमंडल का अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा शामिल रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए एक क्राइटेरिया तय किया है। इसी आधार पर मंत्री बनाया जाएगा। नेतृत्व की मुहर के बाद नए मंत्रियों को शपथ दलाई जाएगी। शपथ ग्रहण कल के बाद कभी भी हो सकता है।



### वरिष्ठों को भी मिलेगी मंत्रिमंडल में जगह

तय क्राइटेरिया के अनुसार एक अनुपात में वरिष्ठों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। इसके तहत विधायक बने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और उदयप्रताप सिंह को मंत्री बनाया जा सकता है। गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह सहित कुछ वरिष्ठों को भी जगह दी जा सकती है। पूर्व सीएम शिवराज के 2-3 समर्थक मंत्री बन सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3-4 विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

आय से अधिक संपत्ति मामला, मंत्री के साथ विधायकी भी गई

## मंत्री और उनकी पत्नी को तीन साल कैद, 50 लाख रुपए का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति के मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने डीएमके नेता और तमिलनाडु सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की कैद और 50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा के बाद पोनमुडी विधायक के रूप में अयोग्य हो गए और मंत्री पद गवां दिया है। छह महीने पहले ही इस मामले में वेल्लोर की एक कोर्ट ने मंत्री और उनकी पत्नी को बरी कर दिया था। स्थानीय कोर्ट का कहना था कि इस मामले में पर्याप्त सबूत नहीं हैं, बाद में हाई कोर्ट ने मामले को स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं,



हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी ने कोर्ट में अपना मेडिकल रिकॉर्ड पेश किया और तर्क दिया कि मामला पुराना है वो 73 साल के हो गए हैं। उनकी पत्नी 60 साल की हैं। कपल ने न्यूनतम सजा का अनुरोध किया था। कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया और पोनमुडी को तीन साल की साधारण सजा सुनाई है।

### कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को 2 साल की सजा

पंजाब में आप के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा समेत 9 लोगों को 2 साल की सजा सुनाई गई है। मामला साल 2008 है, जिसमें अब 15 साल बाद सजा हुई है। जानकारी के अनुसार अमन का अपने जीजा राजेंद्र दीपा के साथ झगड़ा था। इसी को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। अकाली दल के नेता राजेंद्र दीपा ने फैसला देरी से आने के बाद भी स्वागत किया।

महिला पहलवान साक्षी मलिक ने रोते हुए लिया संन्यास

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा दबदबा है और दबदबा रहेगा

## बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष बनने पर बोलीं-शोषण के लिए तैयार रहिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की 31 साल की भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से अपने संन्यास का ऐलान कर दिया।

भारत को 20216 रियो ओलंपिक में पदक दिलाने वाली यह महिला पहलवान अब मैट पर लड़ती हुई नजर नहीं आएंगी। दरअसल, बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद ही उन्होंने यह फैसला लिया। साक्षी ने रोते हुए कहा, जो महासंघ का अध्यक्ष बना है, हमें पता था वही बनेगा। वह बृजभूषण के लिए बेटे से भी प्यारा है। जो अब तक परदे के पीछे से होता था अब खुले आम होगा, हम अपनी लड़ाई में कामयाब नहीं हो पाए। हमने हर किसी को अपनी बात बताई है। पूरे देश को पता होते हुए भी सही इंसान नहीं बना। मैं अपने आने वाली पीढ़ियों को कहना चाहती हूं कि शोषण के लिए तैयार रहिए। वे जूते टेबल पर ही रखकर प्रेस कॉन्फ्रेंस से चली गईं। नए अध्यक्ष के चुने जाने पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- दबदबा है और दबदबा रहेगा





### संजय सिंह नए अध्यक्ष बृजभूषण के खास दोस्त

*भाजपा नेता संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है। बीते एक साल से पहलवानों के साथ कथित यौन शोषण को लेकर विवादों में घिरे बृजभूषण शरण सिंह की जगह वे लेंगे। मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले संजय सिंह को बृजभूषण का करीबी माना जाता है। दोनों करीबी दोस् त हैं। संजय सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी अनीता श्योराण को मात देते हुए भारतीय कुश्ती संघ का अध् यक्ष बनने में कामयाब रहे। वे 2008 से कुश्ती से जुड़े हैं। 2009 में बृजभूषण जब यूपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने थे तब संजय वहां उपाध्यक्ष थे। बृजभूषण के बेटे प्रतीक और दामाद विशाल चुनाव रेस से दूर रहे। हालांकि वे अपने खास सहयोगी संजय सिंह को चुनाव लड़ाकर जीत दिलाने में सफल रहे।*

खबर संक्षेप

## गोतस्करों ने गोसेवक व पुलिस पर बरसाए पत्थर



**फरीदाबाद।** थाना धौज इलाके में गो तस्कर और गो सेवक-पुलिस का आमना सामना हो गया। तस्करों ने गो सेवकों पर पत्थर फेंके और हवाई फायर भी किए, लेकिन आलमपुर गांव में तस्कर अपने आप को घिरा हुआ देखकर गायों से भरी गाड़ी को छोड़कर भाग गए। गो सेवकों ने गायों को गोशाला पहुंचाया। वहीं पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शोर शराबा होने पर गांव के लोग भी लाठियां लेकर बाहर निकल आए थे।

## धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व



**फरीदाबाद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है, लेकिन जैसे श्री देवगुरु बृहस्पति सेवा ट्रस्ट हर 2 साल में बड़ा धार्मिक आयोजन करता है, वह अपने आप में अद्भुत है। श्रीमद् विष्णु महापुराण हमारे जीवन का सार है, जिसे वृंदावन के संत कृष्ण स्वामी जी महाराज जितने सुंदर तरीके से समझा रहे हैं, वह अनोखा अनुभव है। गोयल अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् विष्णु महापुराण कथा के मौके पर बोल रहे थे।

## पुलिस केस से बचाने का झांसा देकर 45 लाख ठगे




**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 थाना एरिया में भाई को पुलिस केस से बचाने के लिए दोस्तों द्वारा 45 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। रुपए देने के बाद भी जब पीड़ित के भाई की गिरफ्तारी हुई तो उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में नाथूपुर के सुमित यादव ने कहा कि डीएलएफ फेज-3 थाना पुलिस ने उसके छोटे भाई अमित के खिलाफ एक केस दर्ज किया था।

## 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले में 2 काबू



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेस-1 थाना क्षेत्र में कारोबारी से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी कारोबारी को पहले ही जानता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-31 के अनुसार आरोपियों की पहचान सदाकत हुसैन व आकाश सिंह के रूप में हुई है। सदाकत हुसैन शिकायतकर्ता व्यापारी को पहले से जानता था।

## तीन महिला 22 वर्षीय सजना, 33 की हीरा कौर व 50 वर्षीय दसरीत कौर को मिली नागरिकता

# जिलाधीश ने पाकिस्तान से आए... लोगों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की

पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिलाधीश विक्रम सिंह ने पाकिस्तान से आए विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है।

भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों में 22 वर्षीय सजना, 33 वर्षीय हीरा कौर तथा 50 वर्षीय दसरीत कौर शामिल है। गौरतलब है कि पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है।

देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

## शाहजहांपुर व फज्जुपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा

# केंद्र सरकार की योजनाएं जरूरतमंद लोगों के जीवन को बेहतर करने की मोदी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा तथा हर हाल में हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है।

विधायक राजेश नागर फरीदाबाद के गांव शाहजहांपुर व फज्जुपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जरिये लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में लोगों को हमारा संकल्प.विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई गई।

**खास बातें**

- अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही सुविधाएं
- देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका

केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है।



**भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ**

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा.जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इतना ही नहीं देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे। विधायक राजेश नागर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा.जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ दिलाई। नागरिकों ने शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे।

## नगर आयुक्त ने किया एमआरएफ का निरीक्षण

# नगर निगम की प्लानिंग से गार्बेज फैक्ट्री बनी स्मार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गार्बेज फ़ैक्टरी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने गार्बेज फैक्ट्री को रिस्ट्रक्चर किया है। आधुनिक तकनीकी की मशीनों को लगाते हुए एमआरएफ की स्थापना की गई है । जिसका अगले सप्ताह उद्घाटन संभावित है।

सिटी जोन अंतर्गत रेत मंडी में बनाए गए प्लांट में आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल से कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मशीनों को चालू कर कर डेमो भी लिया। सूखे कचरे का एमआरएफ के माध्यम से रीसायकल के लिए प्रोसेस किया जाएगा। जिसके लिए प्लांट पर चार कन्वेयर मशीन भी लगाई गई है। इसी प्रकार गीले कचरे से खाद बनाने के लिए ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्ड मशीन भी लगाया गया है, सूखे कचरे का इस प्लांट में 200 टन कचरा प्रतिदिन प्रोसेस किया जाएगा, तथा गीला कचरा प्रतिदिन 40 से 50 टन प्रोसेस किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि आगामी सप्ताह में स्मार्ट एमआरएफ प्लांट का उद्घाटन करने की तैयारी है। जिसके बाद सिटी जोन के चिन्हित 10 से 15 वार्डों का कचरा प्रथम चरण में निस्तारण करने की कार्यवाही की जाएगी। शहर की कचरे के शत प्रतिशत निस्तारण के लिए शहर वासियों द्वारा कचरे को अलग-अलग करना बहुत जरूरी है जिससे कचरा पृथकीकरण के माध्यम से बेहतर कार्य शहर हित में होगा।नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ट्रिपल पी मॉडल पर स्मार्ट एमआरएफ रेत मंडी गार्बेज फैक्ट्री पर स्थापित किया गया है।

## उधारी मांगने पर हुआ था विवाद

# दोस्त की ईंट से सिर कुचलकर हत्या, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मधुबन बापू धाम थाना इलाके में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या करने वाले दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दोनों शराब पी रहे थे। आरोपी ने मृतक पर अपने बकाया रुपयों का तगादा कर दिया था। जिससे मृतक ने उसे गालियां दी । गुस्साए आरोपी ने उसकी ईंट से हत्या कर दी। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गुलजार अब्दुल हमीद निवासी घास मंडी रोड मालीवाडा गाजियाबाद ने अपने भान्जे शाहरूख को उसके दोस्त द्वारा घर बुलाकर ले जाने व मारपीट कर शाहरूख की हत्या कर देने के संबंध में लिखित तहरीर थाना मधुबन बापूधाम पर दी थी । थाना मधुबन बापूधाम पर तत्काल मामला दर्ज कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के अनावरण के लिए तत्काल ही टीमें गठित की गई । सभी टीमों के अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरों आधार पर थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम ने अभियुक्त सरफराज निवासी रईसपुर गांव को गिरफ्तार कर लिया।



# मुरादनगर में चला जीडीए का बुलडोजर, तीन अवैध कालोनी तहस-नहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर जोन 2 के असलत नगर व शोभापुर रोड पर चला। जिसमें जीडीए अधिकारियों ने 60 बीघा भूमि में अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन कॉलोनी को तहस-नहस कर दिया। इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने जीडीए की कार्रवाई का विरोध किया लेकिन भारी पुलिस बल के कारण वे बैरंग लौट गए। वही जोन दो की प्रभारी गुंजा सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह गाजियाबाद में कोई भी संपत्ति खरीदने से पहले उसकी तस्दीक जीडीए में अवश्य कर ले ताकि वह भू माफियाओं के जाल से बच सके। गुंजा सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल -2 के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ असलत नगर पहुंचे,वहां कृष्ण वीर करणवीर तथा योगेश द्वारा 20 बीघा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया इसके बाद यह टीम मुरादनगर में शोभापुर रोड पर पहुंची, जहां विद्या भूषण अंकित त्यागी व रामेश्वर द्वारा 20 बीघा भूमि पर विकसित की जड़ी अवैध कॉलोनी को भी तोड़ा। इसके साथ ही प्रमोद सुबोध द्वारा अवैध बसाई जारी अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्तकर दिया गया। साथ ही दफ्तर सड़क आदि भी बना लिए थे सभी को तहस-नहस कर दिया गया। टीम में सहायक अभियंता कदीर अंसारी, अवर अभियन्ता योगेन्द्र वर्मा, सुनील व महेंद्र भी उपस्थित थे।

## हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार की ओर से सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विपरीत परिस्थिति में '112' पर कॉल कर खुद को रखें सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार, पंचकूला संरक्षण आयोग द्वारा एनआईटी फरीदाबाद के मेट्रो मोड़ स्थित राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेफ्टी जागरूकता काग्रकम का आयोजन किया गया। जिसमे हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार पंचकूला संरक्षण आयोग से मेंबर सुमन राणा व गणेश कुमार ने बताया कि स्कूल कैसे अपने बच्चो को सुरक्षित रख सकते है।

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार पंचकूला संरक्षण आयोग द्वारा विस्तृत रूप से बताया कि स्कूल कैसे अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते है। स्कूल की छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम बाल अधिकार व 112 पर काल की जानकारी दी। ताकि छात्राएं 112 का इस्तेमाल कर किसी भी विपरीत स्थिति में अपने आप को सुरक्षित रख सकते है।

बाल संरक्षण अधिकार संरक्षण आयोग पंचकूला ने जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को उत्साहित किया। अन्य लोगों ने अपनी बाते आयोग के सामने रखी। आयोग की मेंबर सुमन राणा द्वारा छात्राओं को विशेष रूप से सावधान सतर्क एवं परामर्श के महत्व को बताया। स्कूल में आयोग द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजेता छात्राओं को आयोग द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र अग्रवाल व जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा तोमर द्वारा आयोग के मेम्बरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा तोमर ने स्टाफ से सरिताए मिश्रा, युद्धवीर, प्रवीण, बाल कल्याण समिति चेयरमैन श्रीपाल करहाना डीएलएसए से रहीश खान व स्कूल प्रिंसिपल राजेंद्र अग्रवाल व अन्य सदस्य मौजूद थे।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में एलएसएल भवन में नये आईसीसीयू और पैड्रियेटिक कार्डियोलॉजिक वार्ड की तैयारी (केवल एसी और ई.आई. कार्य का प्रावधान) + 2 कार्य। | 19.12.2023 09.01.2024 | 65.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818025971 pwd-eeed-rothak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल में प्रांतीय सब डिवीजन नं. 5, लोनिवि बेंदर शाखा करनाल के तहत स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी का प्रावधान और बिछाने हेतु वार्षिक रखरखाव आकलन + 1 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 16.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में डीबीएम और बीसी कि.मी. 95.03 से 101.74 और 104.94 से 124.268 तक के प्रावधान द्वारा करनाल, असंध, जीन्द, हांसी रोड (स्टेट हाई-वे नं. 12) की विशेष मरम्मत (रोड आईडी नं. 5179 और 5187) (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 19.12.2023 08.01.2024 | 2570.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल जिले में फतेहपुर पुण्डरी में तहसील भवन का निर्माण (केवल ई.आई. का प्रावधान) + 1 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 39.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | मोहनलाल पुत्र छालुराम के मकान से सोहनलाल पुत्र बीरभान (सांच) के मकान तक नाले का निर्माण। | 18.12.2023 25.12.2023 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 Sdoprpundri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव बुसाना, ब्लॉक मुंडलाना में शेरिया पाना सामान्य चौपाल का निर्माण, सी.एम. 25284 + 3 कार्य। | 19.12.2023 28.12.2023 | 28.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | (कैलाना खास) के कब्रिस्तान में चारदिवारी का निर्माण + 5 कार्य। | 19.12.2023 27.12.2023 | 36.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | ब्लॉक राई (एसडब्ल्यूएम), गांव अशवारपुर में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु शैड का निर्माण + 3 कार्य। | 19.12.2023 28.12.2023 | 21.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव घसौली, ब्लॉक गन्नौर, डिवीजन सोनीपत में नये पशु चिकित्सा अस्पताल भवन और मरम्मत + 1 कार्य। | 19.12.2023 28.12.2023 | 12.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज, झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव झोझू कलां, ब्लॉक झोझू कलां, जिला चरखी दादरी (वीएजीवाई) में एससी चौपाल के शैड का निर्माण। | 18.12.2023 27.12.2023 | 4.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | **गांव चिड़ी, ब्लॉक लाखनमाजरा में पंजडी तालाब पर बरामदे का निर्माण, राज्य वित्त योजना-(पंचायत समिति), 2. गांव चिड़ी, पंचायत समिति के तहत पार्क में बैठने वाले बैंच और गजेबो का निर्माण, 3. गांव लाखनमाजरा में पंचायत समिति के तहत बी.डी.पी.ओ. कार्यालय भवन में कमरे व शौचालय का पुनरोद्धार + 2 कार्य। | 19.12.2023 08.01.2024 | 20.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | जिला परिषद, पंचायती राज, सोनीपत में वाटर टेंकर की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज भिवानी | एचआरडीएफ - गांव धनाना-एल, ब्लॉक व जिला भिवानी एचजीवीवाई में सामान्य चौपाल की चारदिवारी और आईपीबी चौक का निर्माण + 8 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 138.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - मुगल माजरा, ब्लॉक नारायणगढ़ के शमशान घाट में आईएलबीपी फ्लोरिंग का निर्माण। | 19.12.2023 26.12.2023 | 1.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव हांडी खेड़ा, ब्लॉक शहजादपुर के शमशानघाट में सिटिंग शैड और टाइल्स का निर्माण + 5 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 74.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव बाजना कलां में ठोस कचरा प्रबंधन शैड का निर्माण + 8 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 68.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 sdoprganaur1@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | महम ड्रेन के आरडी - 63000/एल पर पम्प हाउस का निर्माण। | 19.12.2023 01.01.2024 | 25.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी | चौ. बंसीलाल कैनाल के आरडी 67250 से 89400 तक (ई.आई., पीएच नं. 5 से पीएच नं. 6) का आई/सी वर्ष 2023-24 हेतु + 3 कार्य। | 18.12.2023 25.12.2023 | 13.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9306466240 xenjuibwn@rediffmail.com |
| 19 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | गांव तालाब अंतरी, बिहारीपुर और मौसमपुर का गांव तालाब भरने के लिए शाहबाजपुर डिस्टी. से 15.240 / एल से डी.आई. पाइप लाइन बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.12.2023 | 81.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | माधोगढ़ ब्रांच कि.मी. 7.187 पर डी.आर. साइफन की मरम्मत, + 1 कार्य। | 13.12.2023 02.01.2024 | 429.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 21 | निदेशालय चिकित्सा शिक्षा एवं शोध हरियाणा पंचकूला | "केसीजीएमसी के विस्तार, करनाल फेज-II में हेतु ईपीसी अनुबंध मोड के तहत टीचिंग अस्पताल, वर्कशॉप और बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट, स्पेशलाइज्ड ई एंड एम कार्य और अन्य सहायक गतिविधियों हेतु प्लानिंग, डिजाइनिंग और निष्पादन के लिए सीपीएसयू की एक कार्यकारी एजेंसी (ईए) की नियुक्ति।" | 20.12.2023 25.01.2023 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9501750700 malti.dmer@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/420/23616/I/88/7 दि. 21.12.23

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के क्राउडफंडिंग डोनेट फॉर देश की शुरुआत, माकन ने दिए 1 लाख 38 हजार रुपए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए फंड जुटाने की कवायद में क्राउडफंडिंग डोनेट फॉर देश की घोषणा की थी। दिल्ली कांग्रेस से क्राउडफंडिंग डोनेट फॉर देश की शुरुआत गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन द्वारा ऑन लाइन एक लाख 38 हजार रुपये देकर हुई। माकन इस समय एआईसीसी के कोषाध्यक्ष भी है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली मौजूद थे, जिन्होंने माकन को चंदा देने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। अब इस अभियान के तहत कार्यकर्ता 28 दिसम्बर से घर घर जाकर लोगों से चंदा मांगेंगे व कांग्रेस शासन की उपलब्धियां बताएंगे। इस मौके पर जुटे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने माकन का जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में माकन ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली डोनेट फॉर देश कार्यक्रम में पहले 3 राज्यों में अपना स्थान बनाएगी।

### अब किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में करवा सकेंगे प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इस बात की जानकारी राजस्व मंत्री आतिशी ने दी है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए 'एनी वेयर रजिस्ट्रेशन' की पॉलिसी लेकर आई है। इसके तहत लोगों को रजिस्ट्री के लिए किसी निश्चित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाने की बाध्यता ही खत्म हो जाएगी और लोग अपनी सुविधानुसार दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में प्रॉपर्टी की ख़रीद-फ़रोख़्त के लिए लोगों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। उन्होंने कहा कि सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को लेकर कई प्रकार की शिकायतें सामने आती है। एक शिकायत ये आई कि, कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे है जहां लंबी लाइनें होती है।

### पूछताछ के लिए फिर पेश नहीं हुए मुख्यमंत्री

# ईडी का समन राजनीति से प्रेरित लिया जाये वापस : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए एक बार फिर पेश नहीं हुए और उन्होंने आरोप लगाया कि समन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं। केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ईडी को भेजे जवाब में कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है उन्हें मामले में गवाह या संदिग्ध के तौर पर या एक दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि ताजा समन 18 दिसंबर को जारी किया गया जिसे निश्चित रूप से वापस लिया जाना चाहिए।

केजरीवाल ने ईडी को भेजे अपने जवाब में कहा कि आपके समन का समय इसके पीछे की



मंशा, मेरे इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं बल्कि एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर अनावश्यक विचारों से प्रेरित हैं जो केंद्र में सत्तारूढ़ दल के विरोध की आवाज को चुप कराना चाहते हैं ताकि 2024 की शुरुआत से लेकर मध्य तक होने वाले संसदीय चुनावों से पहले अंतिम कुछ महीनों में सनसनीखेज खबरें बन सकें।

### ईडी ने पिछले जवाब दिए बिना ही नया समन कर दिया जारी

केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने उनके पिछले जवाब में उठाए गए मुद्दों का जवाब दिए बिना ही नया समन जारी कर दिया।

केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा, ऐसी ही परिस्थितियों में जहां व्यक्तियों को न तो मामले के विवरण के बारे में सूचित किया जाता है और न ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन्हें किस क्षमता से बुलाया जा रहा है इस बारे में सूचित किया जाता है, उच्च न्यायालयों ने ईडी के ऐसे समन को अमान्य घोषित कर दिया है और समन को रद्द किया है।

### केजरीवाल को ईडी नहीं बल्कि भाजपा भेज रही समन : आतिशी



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आया ये समन ईडी नहीं बल्कि भाजपा का समन है। ये पूरी तरह गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित है। यह बात आप की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ईडी द्वारा तथाकथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजे गए समन के जवाब पर गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल से उनकी बढ़ती लोकप्रियता से डर लगता है। ये समन उसी डर का प्रमाण है। आतिशी ने कहा कि भाजपा, आम आदमी पार्टी के गवर्नेंस मॉडल का मुकाबला नहीं कर पा रही है, अपने गवर्नेंस मॉडल के कारण आप पूरे देश में फैल रही है इसलिए हमें रोकने के लिए भाजपा षड्यंत्र कर रही है। आप के देशभर में बढ़ते ग्राफ को देखकर भाजपा खौफ खाई हुई है। इसलिए हमारे नेताओं को झूठे केसों में गिरफ्तार कर रही है जबकि पिछले दो साल में सैकड़ों अफसरों को लगाने के बावजूद ईडी-सीबीआई को इस तथाकथित शराब घोटाले में एक पैसे का भी सबूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि, भाजपा जान ले, हम ईडी-सीबीआई की धमकियों से डरने वाले नहीं है, चाहे दिल्ली हो या पंजाब हम वहां के लोगों के लिए काम करते रहेंगे। आतिशी ने कहा कि भाजपा की दोनों एजेंसियां सीबीआई और ईडी जो इस तथाकथित शराब घोटाले पर पिछले दो सालों से जांच कर रही है। इस जांच पर सीबीआई ने, ईडी ने सैकड़ों अफसरों को लगा दिया। पिछले 2 साल से ज़्यादा समय से 500 से ज़्यादा अफसर इस तथाकथित शराब घोटाले की जांच कर रहे हैं।

### मैंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा : केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने जोर देकर कहा कि वह एक निर्वाचित नेता और दिल्ली सरकार के मौजूदा मुख्यमंत्री के रूप में एक संवेदनशील संवैधानिक पद पर हैं। अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कानूनी समन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से सभी को मेरे कार्यक्रम के अनुसार, 20 दिसंबर 2023 से मैं विपश्यना ध्यान पाठ्यक्रम में भाग लूंगा, जिसमें मैं पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष भाग ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह कानून का पालन करने वाले , कर्तव्यनिष्ठ और देश के एक सामान्य नागरिक हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह कानून के अनुपालन में जारी किए गए किसी भी समन का पालन करने से नहीं कतराते हैं, लेकिन मुझे सलाह दी गई है कि समन कानून के अनुरूप नहीं है।

## उपराज्यपाल ने कुतुबगढ़ गांव में की फर्स्ट डोमेस्टिक पीएनजी कनेक्शन देने की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को कुतुबगढ़ गांव में फर्स्ट डोमेस्टिक पीएनजी कनेक्शन देने की शुरुआत की। इस मौके पर उपराज्यपाल के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के आला अधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद थे। उपराज्यपाल ने गांव के ही एक घर में जाकर पीएनजी कनेक्शन की शुरुआत की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे भी मौजूद थे। अपने संबोधन में सक्सेना ने कहा कि यह बहुत खुशी का क्षण है कि दिल्ली के ग्रामीण अंचल में पीएनजी गैस कनेक्शन की शुरुआत करने का मौका मिला। कुतुबगढ़ गांव से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में पहली बार घरों में पाइप द्वारा घरेलू गैस की आपूर्ति की शुरुआत हुई है। इससे जहां कुतुबगढ़ गांव की जनता खुश है वहीं इससे सरकार भी प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि आज की यह शुरुआत दिल्ली के अन्य गांवों में घर घर घरेलू गैस यानी हर गांव में पीएनजी कनेक्शन पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजधानी दिल्ली के विकास के लिए योजनाओं को योजनाबद्ध पूरी करने के लिए प्रयासरत है। उसी प्रयास का ही नतीजा है कि दिल्ली के गांवों में भी निरंतर सशक्त की जा रही जन सुविधाओं को नया आयाम मिला है। उन्होंने कहा किसके अलावा चार अन्य गांवों में भी जनवरी तक पीएनजी सुविधा शुरू हो जाएगी। एलजी ने कहा कि कुतुबगढ़ के बाद अब दिल्ली देहात के लगभग 29 अन्य गांवों को भी योजनागत तरीके से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आईजीएल की सराहना करते हुए कहा कि केवल 5 महीनों में इस गांव में पीएनजी पाइपलाइन बिछा कर कनेक्शन देने का जो कार्य किया है, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं।

### मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान को मिल रहा भारी जनसमर्थन : संदीप पाठक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि आप द्वारा चलाए जा रहे मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है। पाठक ने इस दौरान भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है। एक फर्जी मुकदमे के द्वारा भाजपा सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रच रही है। ईडी का नोटिस तो सिर्फ एक बहाना है। दरअसल भाजपा सरकार की मंशा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की है। पहले भाजपा सरकार ने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार कराया, अब यह अरविंद केजरीवाल को जेल में डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग दिल्ली की जनता से पूछ रहे हैं कि अगर भाजपा सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा लेती है तो क्या उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए?

### सीवर की बदहाल स्थिति देख जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में चंद्रावल गांव के विभिन्न हिस्सों में सीवर की बदहाल हालत देख दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाई और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं नाराज मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर अधिकारी जनता के प्रति अपनी ये जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे तो नौकरी छोड़ दें। गौरतलब है कि सीवर शिकायतों के मद्देनजर निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के चंद्रावल गांव के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया। यहां सीवर की बदहाल हालत देख वह अधिकारियों पर बरसीं। दरअसल यहां लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान लोगों ने आतिशी को बताया कि सफाई न होने से सीवर ओवरफ्लो रहता है और उसके कारण गलियों में सीवर का पानी भर जाता है। ऐसे में लोगों की आवाजाही भी मुश्किल हो जाती है। साथ ही लोगों ने बताया कि अपनी समस्या जब वो अधिकारियों को बताते है तो अधिकारी उसे नजरअंदाज करते है। बार-बार शिकायतों के बावजूद सीवर समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता और अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है।

## दिल्ली भाजपा ने किया जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

### कांग्रेस की सामंतवादी सोच देश से उसका सूपड़ा साफ कर देगी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 'नकल' उतारने के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में वीरेन्द्र सचदेवा, दुष्यंत गौतम, रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, प्रवेश साहिब सिंह और भाजपा के अन्य पदाधिकारी शामिल थे। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन पार्टी की विचारधारा के लिए नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता संवैधानिक पदों के सम्मान के लिए किया जा रहा है। यह प्रदर्शन कांग्रेस और विपक्ष की उस मानसिकता के खिलाफ है जो देश की अखंडता को तोड़ने का प्रयास करने की कोशिश कर रही है। यह धरना प्रदर्शन कांग्रेस और विपक्ष की अलोकतांत्रिक विचारधारा के खिलाफ है। सचदेवा ने कहा कि एक गरीब किसान का बेटा अगर जमीनी स्तर से इतने बड़े पद पर बैठता है तो वह कांग्रेस को बर्दास्त नहीं इसलिए वह उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हैं क्योंकि उनकी सोच सामंतवादी सोच है और उनकी यही सामंतवादी सोच देश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेगी। सचदेवा ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष यह सिर्फ एक पद नहीं बल्कि यह संस्थाएं हैं लेकिन कांग्रेस और विपक्ष उन संस्थाओं पर आघात कर रहे हैं। यह सब संसद की गरिमा को खंडित कर गया है। कांग्रेस के यह व्यवहार दिल्ली और देश कभी माफ नहीं करेगा।


द्वितीय ई–ड्रॉ : तथास्तु I परियोजना का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर: | देसी कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड |
| 2. परियोजना स्वीकृति: | अनुज्ञप्ति क्रमांक 189 वर्ष 2022 दिनांक: 16.11.2022 भवन योजना स्वीकृति सं. ZP-1677/JD (RA)/2023/2190 Dated 23-01-2023, हरेरा पंजीकरण संख्या आरसी/आरईपी/हरेरा/जीजीएम/676/408/2023/20 दिनांक 30-01-2023 |
| 3. स्थान: | सेक्टर-5, सोहना, जिला गुरुग्राम-122103 |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र: | 12.8847 एकड़ में कुल 1732 नं। अपार्टमेंट्स जिनमें से 5% फ्लैट प्रबंधन कोटा (MQ) के लिए आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट जनता के लिए हैं। सामुदायिक सुविधाएं: 2000 वर्ग फुट का एक सामुदायिक हॉल। और 2000 वर्ग फुट का एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। |
| 5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दर | *उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य प्रतिमा शुल्क शामिल नहीं हैं। पंजीकरण शुल्क अतिरिक्त। देय शेष भुगतान देय राशि के बराबर होगा प्रासंगिक समय बिंदु पर निर्माण चरणों की मदों में लागू अनुसार परियोजना की निर्माण लिंक भुगतान योजना के अनुसार। कोई ब्याज देय नहीं होगा भुगतान की देय तिथि से पहले। भुगतान में किसी भी तरह की चूक पर एचआरईआरए द्वारा नियम 2017 के नियम 15 द्वारा प्रदान की गई दर पर ब्याज आमंत्रित किया जाएगा। |
| 6. पार्किंग | 2-पहिया पार्किंग |
| 7. आवेदन की समय-सीमा: | 1. आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। पंजीकरण के लिए http://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर जाएं 2. बुकिंग शुरू दिनांक: 15.12.2023 \| 3. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.01.24 |

| इकाई श्रेणी | इकाई प्रकार | यूनिट संख्या | कारपेट एरिया (वर्ग मीटर) | कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | बालकोनी एरिया (वर्ग मीटर) | बालकोनी एरिया (वर्ग फुट) | युनिट लागत | बालकनी लागत | युनिट की मूल लागत | आवेदन के समय (युनिट का कारपेट एरिया @4500 psf.) केवल फ्लैट लागत का 5% | आवंटन के समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK +STORE | 2A | 2 | 59.998 | 645.818 | 6.713 | 72.259 | 2906181 | 86711 | 2992892 | 145309.05 | 602913.95 |
| 2BHK +STORE | 2B | 1 | 59.998 | 645.818 | 7.270 | 78.254 | 2906181 | 93905 | 3000086 | 145309.05 | 604712.45 |
| 2BHK +STORE | 2C | 2 | 59.999 | 645.829 | 5.495 | 59.148 | 2906231 | 70978 | 2977208 | 145311.50 | 598990.50 |
| 2BHK +STORE | 1B-MQ | 2 | 59.998 | 645.818 | 8.003 | 86.144 | 2906181 | 103373 | 3009555 | 145309.05 | 607079.00 |

More life, granted.

TATHASTU

Sector 5, South of Gurugram

2 BHK + store starting at ₹ 29.5 lakh*

www.tathastu.co | Call +91 999 0650 650

**अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश :** लॉबि: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *बेड रूम: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *किचन: फ्लोर-विट्रिफाइड/सिरेमिक टाइल्स , वॉल/सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, डेडो-सिरेमिक टाइल्स काउंटर से 600 मिमी ऊपर, काउंटर टॉप-ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट, फिटिंग्स और फिक्स्चर-आईएसआई मार्क वाली सीपी फिटिंग्स और सिंगल ड्रेन बोर्ड सिंक *बालकनी: फ्लोर-एंटीस्किड/मैट फिनिश सिरेमिक टाइल्स, रेलिंग-एम एस रेलिंग इनेमल पेंट फ़िनिश के साथ *टॉयलेट और बाथ: फ़्लोर-एंटी स्किड सिरेमिक टाइलें, दीवार-सिरेमिक टाइलें 4फ़ीट / 7'-0" ऊँचे तक और ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, सीलिंग-ग्रिड फ़्लेज़ सीलिंग, फिटिंग और फिक्स्चर -ISI मार्क वाली CP फिटिंग, W.C और वॉशबेसिन *दरवाजे और खिड़कियां: आंतरिक दरवाजे का फ्रेम-हार्ड वुड / लाल मेरांडी, आंतरिक दरवाजे शटर-मुख्य दरवाजा - दोनों तरफ लेमिनेटेड फ्लश डोर और आंतरिक फ्लश डोर दोनों तरफ पेंटेड फिनिश के साथ, बाहरी दरवाजे और विंडोज- एल्युमिनियम पाउडर कोटेड / यूपीवीसी *इलेक्ट्रिकल: वायरिंग-कॉपर इलेक्ट्रिका एल प्रकाश बिंदु, स्विच / सॉकेट- आईएसआई चिह्नित स्विच और सॉकेट के लिए छुपा नाली में तार * टेरेस-ईंट बैट कोबा या जल प्रूफिंग उपचार, संरचना- सेस्मिक जोन के अनुसार भूकंप प्रतिरोधी आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना, * बाहरी विकास: आंतरिक सड़कें- ट्रेमिक्स कंक्रीट रोड / इंटरलॉकिंग ब्लॉक, बाउंड्री वॉल-आरसीसी / ईंट की दीवार प्लास्टर के साथ और बाहरी मौसम प्रूफ पेंट फिनिश *बाहरी विकास-मौसम प्रूफ बनावट / बाहरी पेंट

**पात्रता:** 1. आवेदक को किसी प्रचलित कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि, "प्रधानमंत्री आवास योजना-सभी के लिए आवास" कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए पीएमएवाई लाभार्थियों, जिसमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों के बाद उक्त शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात, शेष फ्लैटों के लिए, ऐसे व्यक्ति जिनमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, जिनके पास हुडा द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी/सेक्टर में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है या हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और एनसीटी दिल्ली में किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी है। फ्लैटों के आवंटन में अगली वरीयता दी गई।3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत कोई भी सफल आवेदक इस नीति के तहत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल होता/होती है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट बनाए रखने का विकल्प होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक हलफनामा और पात्रता का सुझाव देने वाले प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

**आवंटन मापदंड :** 1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा संवर्ग), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबंधित डीटीपी की एक समिति की उपस्थिति में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। जिला एवं संबंधित कॉलोनाइजर का प्रतिनिधि। 2. लॉटरी निकालने की तारीख तय होने के बाद, विकासकर्ता द्वारा ड्रॉ निकालने की तारीख/समय और स्थान के बारे में विवरण के बारे में उसी समाचार पत्र में जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था, विकासकर्ता द्वारा एक विज्ञापन जारी किया जाएगा। 3. छानबीन और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय-सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में दिए गए विवरण को भी देख सकते हैं। पीएफ-27/48921 दिनांक 19.08.2013 (विभाग की वेबसाइट https://www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)।

**अस्वीकरण:** रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर रेरा के तहत निर्धारित प्रावधानों के साथ शिकायत करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर प्रत्येक आवेदक से उस साइट का निरीक्षण करने का आग्रह करता है जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है और केवल किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजना या बिक्री ब्रोशर पर निर्भर नहीं होगा और इसलिए आवेदन जमा करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया जाता है। बुकिंग। यहां दिखाए गए चित्र डिजाइन के संकेतक हैं और केवल उदाहरण के उद्देश्य के लिए ऊपर प्रदर्शित एक से वास्तविक डिजाइन फिट और फिनिश में भिन्न हो सकते हैं, परियोजना विवरण/विनिर्देश हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट http:/ के कार्यालय में भी देखे जा सकते हैं। /hrera.in, *नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर = 10.764 वर्ग फुट।

द्वितीय ई–ड्रॉ : तथास्तु II परियोजना का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर: | देसी कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड |
| 2. परियोजना स्वीकृति: | अनुज्ञप्ति क्रमांक 188 वर्ष 2022 दिनांक: 16.11.2022 भवन योजना स्वीकृति सं. ZP-1676/JD (RA)/2023/2180 Dated 23-01-2023, हरेरा पंजीकरण संख्या आरसी/आरईपी/हरेरा/जीजीएम/677/409/2023/21 दिनांक 30-01-2023 |
| 3. स्थान: | सेक्टर-5, सोहना, जिला गुरुग्राम-122103 |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र: | 8.975 एकड़ में कुल 1240 नं। अपार्टमेंट्स जिनमें से 5% फ्लैट प्रबंधन कोटा (MQ) के लिए आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट जनता के लिए हैं। सामुदायिक सुविधाएं: 2000 वर्ग फुट का एक सामुदायिक हॉल। और 2000 वर्ग फुट का एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। |
| 5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दर | *उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य प्रतिमा शुल्क शामिल नहीं हैं। पंजीकरण शुल्क अतिरिक्त। देय शेष भुगतान देय राशि के बराबर होगा प्रासंगिक समय बिंदु पर निर्माण चरणों की मदों में लागू अनुसार परियोजना की निर्माण लिंक भुगतान योजना के अनुसार। कोई ब्याज देय नहीं होगा भुगतान की देय तिथि से पहले। भुगतान में किसी भी तरह की चूक पर एचआरईआरए द्वारा नियम 2017 के नियम 15 द्वारा प्रदान की गई दर पर ब्याज आमंत्रित किया जाएगा। |
| 6. पार्किंग | 2-पहिया पार्किंग |
| 7. आवेदन की समय-सीमा: | 1. आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। पंजीकरण के लिए http://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर जाएं 2. बुकिंग शुरू दिनांक: 15.12.2023 \| 3. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.01.24 |

| इकाई श्रेणी | इकाई प्रकार | यूनिट संख्या | कारपेट एरिया (वर्ग मीटर) | कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | बालकोनी एरिया (वर्ग मीटर) | बालकोनी एरिया (वर्ग फुट) | युनिट लागत | बालकनी लागत | युनिट की मूल लागत | आवेदन के समय (युनिट का कारपेट एरिया @4500 psf.) केवल फ्लैट लागत का 5% | आवंटन के समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK +STORE | 2A | 1 | 59.998 | 645.818 | 6.713 | 72.259 | 2906181 | 86711 | 2992892 | 145309.05 | 602913.95 |
| 2BHK +STORE | 2B | 3 | 59.998 | 645.818 | 7.270 | 78.254 | 2906181 | 93905 | 3000086 | 145309.05 | 604712.45 |
| 2BHK +STORE | 2C | 9 | 59.999 | 645.829 | 5.495 | 59.148 | 2906231 | 70978 | 2977208 | 145311.50 | 598990.50 |



More life, granted.

TATHASTU

Sector 5, South of Gurugram

2 BHK + store starting at ₹ 29.5 lakh*

www.tathastu.co | Call +91 999 0650 650

**अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश :** लॉबि: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *बेड रूम: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *किचन: फ्लोर-विट्रिफाइड/सिरेमिक टाइल्स , वॉल/सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, डेडो-सिरेमिक टाइल्स काउंटर से 600 मिमी ऊपर, काउंटर टॉप-ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट, फिटिंग्स और फिक्स्चर-आईएसआई मार्क वाली सीपी फिटिंग्स और सिंगल ड्रेन बोर्ड सिंक *बालकनी: फ्लोर-एंटीस्किड/मैट फिनिश सिरेमिक टाइल्स, रेलिंग-एम एस रेलिंग इनेमल पेंट फ़िनिश के साथ *टॉयलेट और बाथ: फ़्लोर-एंटी स्किड सिरेमिक टाइलें, दीवार-सिरेमिक टाइलें 4फ़ीट / 7'-0" ऊँचे तक और ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, सीलिंग-ग्रिड फ़्लेज़ सीलिंग, फिटिंग और फिक्स्चर -ISI मार्क वाली CP फिटिंग, W.C और वॉशबेसिन *दरवाजे और खिड़कियां: आंतरिक दरवाजे का फ्रेम-हार्ड वुड / लाल मेरांडी, आंतरिक दरवाजे शटर-मुख्य दरवाजा - दोनों तरफ लेमिनेटेड फ्लश डोर और आंतरिक फ्लश डोर दोनों तरफ पेंटेड फिनिश के साथ, बाहरी दरवाजे और विंडोज- एल्युमिनियम पाउडर कोटेड / यूपीवीसी *इलेक्ट्रिकल: वायरिंग-कॉपर इलेक्ट्रिका एल प्रकाश बिंदु, स्विच / सॉकेट- आईएसआई चिह्नित स्विच और सॉकेट के लिए छुपा नाली में तार * टेरेस-ईंट बैट कोबा या जल प्रूफिंग उपचार, संरचना- सेस्मिक जोन के अनुसार भूकंप प्रतिरोधी आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना, * बाहरी विकास: आंतरिक सड़कें- ट्रेमिक्स कंक्रीट रोड / इंटरलॉकिंग ब्लॉक, बाउंड्री वॉल-आरसीसी / ईंट की दीवार प्लास्टर के साथ और बाहरी मौसम प्रूफ पेंट फिनिश *बाहरी विकास-मौसम प्रूफ बनावट / बाहरी पेंट

**पात्रता:** 1. आवेदक को किसी प्रचलित कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि, "प्रधानमंत्री आवास योजना-सभी के लिए आवास" कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए पीएमएवाई लाभार्थियों, जिसमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों के बाद उक्त शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात, शेष फ्लैटों के लिए, ऐसे व्यक्ति जिनमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, जिनके पास हुडा द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी/सेक्टर में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है या हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और एनसीटी दिल्ली में किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी है। फ्लैटों के आवंटन में अगली वरीयता दी गई।3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत कोई भी सफल आवेदक इस नीति के तहत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल होता/होती है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट बनाए रखने का विकल्प होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक हलफनामा और पात्रता का सुझाव देने वाले प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

**आवंटन मापदंड :** 1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा संवर्ग), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबंधित डीटीपी की एक समिति की उपस्थिति में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। जिला एवं संबंधित कॉलोनाइजर का प्रतिनिधि। 2. लॉटरी निकालने की तारीख तय होने के बाद, विकासकर्ता द्वारा ड्रॉ निकालने की तारीख/समय और स्थान के बारे में विवरण के बारे में उसी समाचार पत्र में जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था, विकासकर्ता द्वारा एक विज्ञापन जारी किया जाएगा। 3. छानबीन और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय-सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में दिए गए विवरण को भी देख सकते हैं। पीएफ-27/48921 दिनांक 19.08.2013 (विभाग की वेबसाइट https://www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)।

**अस्वीकरण:** रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर रेरा के तहत निर्धारित प्रावधानों के साथ शिकायत करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर प्रत्येक आवेदक से उस साइट का निरीक्षण करने का आग्रह करता है जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है और केवल किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजना या बिक्री ब्रोशर पर निर्भर नहीं होगा और इसलिए आवेदन जमा करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया जाता है। बुकिंग। यहां दिखाए गए चित्र डिजाइन के संकेतक हैं और केवल उदाहरण के उद्देश्य के लिए ऊपर प्रदर्शित एक से वास्तविक डिजाइन फिट और फिनिश में भिन्न हो सकते हैं, परियोजना विवरण/विनिर्देश हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट http:/ के कार्यालय में भी देखे जा सकते हैं। /hrera.in, *नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर = 10.764 वर्ग फुट।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों,** लीगो के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्केगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टोनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *





## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री

**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *





## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---



कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिम दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।




## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a


हरियाणा सरकार
KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD
कुरुक्षेत्र विकास मंडल
अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023
अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम
7-24 दिसम्बर, 2023 कुरुक्षेत्र, हरियाणा
"भारतीय संतों और ऋषियों की भूमिका केवल पूजा और उपासना तक सीमित नहीं रही है। उन्होंने राष्ट्र और समाज के हर आयाम को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया है।"
- नरेन्द्र मोदी
संत सम्मेलन
(प्रख्यात संतों द्वारा गीता एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा)
मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
22 दिसम्बर, 2023 | दोपहर 1:30 बजे | कुरुक्षेत्र
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# एकल यूज प्लास्टिक पर सख्ती आवश्यक

जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत वैश्विक स्तर पर कितनी भी गंभीर प्रतिबद्धता जता रहा हो, लेकिन घरेलू मोर्चे पर इसके अनुपालन में सख्ती नहीं दिख रही है। दश म एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसके उत्पादन व उपयोग में कमी नहीं आई है। सरकार ने खुद माना है कि एकल यूज प्लास्टिक की आपूर्ति हो रही है। संसद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि 'एकल उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा खतरा है और भारत ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है, लेकिन देखने में आया है कि प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले लोग अवैध तरीके से इसकी आपूर्ति करते हैं।' हालांकि केंद्रीय मंत्री ने इसी के साथ यह भी कहा कि सरकार एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। बात केवल प्रतिबद्ध तक की नहीं है, बल्कि कानूनों के अनुपालन की है। जब देश में एकल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व प्रयोग पर रोक है, तो आखिर यह बन कैसे रहा है और बिक कैसे रहा है? हमारी सरकारी मशीनरी क्या कर रही है? सिंगल यूज प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण को खतरा है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। भारत वैश्विक जलवायु करार से भी संबंद्ध है, जिसमें सरकार को जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना पर काम करना है। सरकार ने एक अधिसूचना जरूर जारी की है जिसके तहत प्लास्टिक के कच्चे माल की आपूर्ति करने वालों को बताना होगा कि उन्होंने उस माल की आपूर्ति कहां की है। इसके बाद भी एकल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस पर अंकुश के लिए राज्य सरकारों को भी सख्त होना होगा और नागरिकों को भी 'नो सिंगल यूज प्लास्टिक' अभियान में सहयोग करना होगा। भारत की जैसी सामाजिक संरचना है, उसमें सरकारी मशीनरी ही पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अमल कराने में उपयोगी है। देश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक जन चेतना का घोर अभाव है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मुद्दे पर हाल ही में दुबई में आयोजित 'सीओपी 28' सम्मेलन में भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया है। यह और बात है कि इस पर वैश्विक स्तर पर विकसित व विकासशील देशों के बीच राजनीति भी चल रही है। सीओपी 28 के प्रमुख नतीजों में दशक के अंत से पहले वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने वाले पहले ग्लोबल स्टॉकटेक के नतीजे पर निर्णय शामिल है। इन वैश्विक प्रयासों को देशों द्वारा पेरिस समझौते और उनकी विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित तरीके से उठाया जाएगा। सीओपी 28 का एक अन्य प्रमुख परिणाम लॉस एवं डैमेज फंड के संचालन और इसकी फंडिंग व्यवस्था पर समझौता है। फंड का उद्देश्य उन विकासशील देशों की सहायता करना है जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े आर्थिक और गैर-आर्थिक नुकसान और क्षति का जवाब दिया जा सके, जिसमें चरम मौसम की घटनाएं और धीमी शुरूआत की घटनाएं शामिल हैं। भारत को कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अपने उपायों के तहत एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर कड़ाई से अनुपालन के कदम उठाने होंगे, हरित तकनीक को बढ़ावा देना होगा, ग्रीन एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जमीनी स्तर पर अधिक काम करना होगा, कथनी व करनी के फर्क को मिटाना होगा, तभी स्वच्छ व हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल होगा।

## सारा संसार



सोमनाथ मन्दिर भूमण्डल में दक्षिण एशिया स्थित भारतवर्ष के पश्चिमी छोर पर गुजरात में स्थित, अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर का नाम है। इसे आज भी भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में माना व जाना जाता है।

## सुरक्षा का मुद्दा

डॉ. विशेष गुप्ता



# महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध

महिला सशक्तिकरण के बढ़ते विस्तार के सामने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज देश व समाज में सक्रिय विमर्श का हिस्सा नहीं पा रही है। वह इसलिए क्योंकि भारतीय समाज में महिलायें एक लंबे काल तक अवमानित,यातना और शोषण की शिकार रही हैं। इसमें सामाजिक परम्परा,संस्थागत रीति-रिवाज और समाज में प्रचलित प्रतिमानों का महिलाओं के उत्पीड़न में योगदान भी कम नहीं रहा है। उसी के सापेक्ष वर्तमान में महिलाओं को अब पुरुषों के जीवन में महत्वपूर्ण,शक्तिशाली और अर्थपूर्ण सहयोगी माना जाने लगा है। देश की आजादी के बाद महिलाओं के पक्ष में बनाये गये कानूनों,शिक्षा का विस्तार और महिलाओं में बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद भी देश की असंख्य महिलायें आज भी हिंसा की शिकार हैं। महिलाओं के प्रति शारीरिक हिंसा,अपहरण,यौन क्रूरता,महिला को जलाना और उस पर तेजाब फेकने जैसी घटनायें आज भी सुनने और पढ़ने को मिल रहीं हैं। इसी संदर्भ से जुड़ी राष्ट्रीय रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2022 के ऑकड़ों से जुड़ी हालिया रिपोर्ट गौरतलब है। इस रिपोर्ट से साफ है कि देश में महिलाओं के विरुद्ध चार प्रतिशत और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन घटनाओं से जुड़ी आज हर घण्टे 51 एफआईआर दर्ज हो रहीं हैं। इसी के साथ-साथ साईबर अपराधों के मामलों में भी 24.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

एनसीआरबी से जुड़े ऑकड़ों का विश्लेषण बताता है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लगातार तीन सालों में वृद्धि दर्ज की गयी है। मसलन 2022 में महिलाओं के विरुद्ध तमाम अपराधों से जुड़े कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये,जो 2021 व 2020 में क्रमशः 4,28,278 व 3,71,503 रहे थे। इन ऑकड़ों में आगे खुलासा होता है कि 20 लाख से अधिक आबादी वाले 19 महानगरों में महिला अपराध के 48755 मामले दर्ज हुए,जबकि 2021 में यह ऑकड़ा 43414 ही रहा था। इससे ज्ञात होता है कि अहमदाबाद, बॅगलुरु, चैन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, मुबंई, पुणे व नागपुर जैसे शहर महिला सुरक्षा के लिहाज से बहुत संवेदनशील पाये गये हैं।

देखा जाय तो महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के इतिहास के सफर में परम्परागत सामजिक व्यवस्था में समाहित एक वैचारिकी रही है जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कमतर ऑकती रही है। लेकिन यह भी सच है कि जेसे -जैसे महिलायें सामाजिक, आर्थिक,धार्मिक व राजनीतिक विकास के क्षेत्र में कदम बढ़ाती हैं,उसी के सापेक्ष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करने वाली ताकतें कमजोर पड़ने लगती हैं। यह सच है कि आज देश में अधिकांश कानून महिलाओं के पक्ष में है और देश के विकास में भी उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही हैं। एनसीआरबी के ऑकड़े भी बताते हैं कि जिन राज्यों में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों को लागू करने में जीरा टॉलरेन्स की नीति है और महिला विकास के विभिन्न उपादानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वहॉ उन राज्यों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध घटे हैं। उत्तर प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। अपराध पर लगाम लगाने की जरूरत है।



राजनीति

आशीष वशिष्ठ

# 'इंडिया' को राहुल का नेतृत्व मंजूर नहीं

छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। चौथी बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका, लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडि गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया।

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं।

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी।

इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस



को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया।

बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडि अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक व पीएम के चेहरे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडि गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए। - *मोरारी बापू*

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए। – *महेश जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# किम जोंग ने फिर दी परमाणु मिसाइल परीक्षण की धमकी



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का हवाला दिया। 'उत्तर कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम ने बुधवार को 'जनरल मिसाइल ब्यूरो' में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली 'ह्वासोंग-18' मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। केसीएनए के मुताबिक, बैठक के दौरान किम ने कहा कि 'अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।'

## ऑफ बीट

# क्या इंसानों के जीवित नहीं रहने का कारण डायनासोर



सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि-आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवतः हमसे अधिक जीवित रहती हैं।

## ट्रेंड

### पहचान चुनने का अधिकार



वह कह रहे हैं कि भारत में प्रत्येक जाति को अपनी राष्ट्रीय पहचान चुनने का अधिकार है। कांग्रेस और यह लोग बाबासाहेब अंबेडकर और सरदार पटेल के मेहनत और सपने को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। देश की जनता उन्हें भारत के टुकड़े-टुकड़े नहीं करने देगी।

-किरण रिजिजू, राष्ट्रपति

### प्रचार किया जाना दुःखद



करोड़ों परिवार उजाड़ने वाली शराब का 'राजस्व वृद्धि' के लिए प्रचार किया जाना दुखद है। इसका असर शराबी से अधिक परिवार पर पड़ता है, महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए इससे बेहतर विकल्प नहीं है?

-वरुण गांधी, भाजपा नेता

### बिना राजनीति के लोकतंत्र



राजनीति लोकतंत्र के बिना चल सकती है। सऊदी अरब में भी चलती है। पाकिस्तान में भी लंबे समय तक चली है। सब जगह राजनीति हो रही है, लेकिन क्या लोकतंत्र कहीं भी बिना राजनीति के चल सकता है?

-योगेंद्र यादव, स्वराज इंडिया संस्थापक

### बहुत प्रेम दिया



डंकी के साथ दुबई में कुछ दिन बहुत अच्छे बीते। लंदन में भी लोगों ने बहुत प्रेम दिया। हर तरफ डंकी के बारे में जानने की जिज्ञासा है। लगातार कई दिनों तक बाहर रहने के बाद अब घर वापस आ रहे हैं, थोड़ा ड्राइव भी करें, इसलिए यदि आप सभी के पास समय है तो आइए चर्चा कर लें।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दिल्ली शराब घोटाला में ईडी का समन

# सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को बताया राजनीति से प्रेरित तो पात्रा ने कहा- ये ही घोटाले के मास्टरमाइंड, बार- बार समन की करते जा रहे अवहेलना... अब जेल में रहकर करना होगा आसन

## केजरीवाल ने दिया जवाब- ईडी इसे वापस ले, मैं कुछ नहीं छिपा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से जारी किए गए समन पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ये समन राजनीति से प्रेरित है। इसे ईडी को वापस लेना चाहिए।मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं हर कानूनी समन मानने को तैयार हूं। ये समन भी पिछले समन की तरह गैर कानूनी है। मैंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता से जिया है। कहा जा रहा वकीलों की राय के बाद ही केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने के बजाय विपश्यना पर जाने का निर्णय लिया है। वकीलों ने इस बार फिर ईडी के समन में कोई खामी निकाली है।

### विपश्यना कोर्स के लिए दिल्ली के बाहर गए

केजरीवाल गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। वेबुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना के लिए चले गए हैं। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे विपश्यना के लिए किस शहर में गए हैं। उन्हें विपश्यना पर मंगलवार को जाना था, लेकिन इंडिया गठबंधन की बैठक के कारण एक दिन के लिए टल गया था।ईडी ने उन्हें गुरुवार को बुलाया है।केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के नोटिस के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। शायद वे ईडी के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखें।



### विपश्यना का कार्यक्रम निश्चित था

आपने ईडी के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पार्टी के वकील समन का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी रूप से उचित कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा केजरीवाल का विपश्यना पर जाने का कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था और यह जानकारी सार्वजनिक थी। केजरीवाल को ईडी ने अक्टूबर और 2नवंबर को तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुएसमय मांगा था,' 2 नवंबर को उनके वकीलों ने सवाल किया था।

### ये दो चीजें विपक्षी गठबंधन को जोड़ रहीं

#### शराब और अपमान गठबंधन को फेविकोल की तरह जोड़ रहे



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता की। भाजपा ने केजरीवाल को शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि इन्होंने मनीष सिसोदिया को सूली पर चढ़ाया। ये जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। लेकिन कानून के हाथ बहुत लंबे बोते हैं। जेल में सारे आसन की सुविधा है। उन्होंने कहा कि 'शराब और दूसरों का अपमान ऐसा फेवीकोल है, जो विपक्षी गठबंधन को जोड़े रखता है।

**वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते**

पात्रा ने केजरीवाल को ईडी के समन को पालन नहीं होने को लेकर तंज कसा है। इस पर पात्रा ने कहा कि वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते। आपने घोटाला किया है और आप पकड़े जाएंगे।

### घोटाला करके ये भाग रहे

पात्रा ने केजरीवाल को दिल्ली के शराब घोटाले में कथित संलिप्तता, कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ की नकदी मिलने और आप नेताओं के ईडी की जांच से भागने के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि 'कोई शराब घोटाला करके भाग रहा है, कोई उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहा है। पात्रा ने आरोप लगाया की विपक्षी गठबंधन पर भारत की सनातन परंपराओं का अपमान करती है। केजरीवाल घोटाला करके अब इधर उधर भाग रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 31 को मन की बात के लिए पीएम ने मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किए हैं। मन की बात कार्यक्रम 31 दिसम्बर को प्रसारित किया जाएगा और यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 108वीं कड़ी होगी।

### संजय सिंह को 10 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने ईडी से सिंह को अपने 5वें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा।

### चेन्नई के कंपनी के पूर्व सीईओ को 5 साल कैद



**चेन्नई।** यहां की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है।

### कनॉट प्लेस की गोपाल दास बिल्डिंग में आग



**नई दिल्ली।** यहां के पॉश इलाके कनॉट प्लेस में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर को दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित गोपाल दास बिल्डिंग में आग लग गई। आग बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर लगी है। दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामा, गुरुवार को संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

भाजपा ने दिल्ली के जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन माफी मांगे विपक्ष

# भाजपा ने 'अपमान' पर जताया गुस्सा कांग्रेस ने कहा-पहले लोकतंत्र बचाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ गई है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवेश वर्मा भी शामिल थे।



### हापुड़ में भी मिमिक्री पर उबले भाजपाई

#### राहुल का पुतला फूंका, नारेबाजी कर संविधान का अपमान बताया



हापुड़ में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धनखड़ का विपक्षियों द्वारा किए गए अपमान के विरोध में एचपीडीए चौराहा पर राहुल का पुतला फूंका। जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि जाट किसान परिवार में जन्में और राजस्थान के गौरव, देश के महामहिम उपराष्ट्रपति धनखड का घमंडिया नेताओं ने जिस तरह उपहास किया, वो सिर्फ एक व्यक्ति या पद नही बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है। इस अमर्यादित व्यवहार से पूरी संसद की गरिमा भंग हुई है।

### निलंबन के खिलाफ पुरानी संसद से विजय चौक तक विपक्ष का मार्च

#### 'लोकतंत्र बचाओ', सदन नहीं चलाना चाहती सरकार

विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से 140 सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए गुरुवार को संसद भवन से एक मार्च निकाला जो विजय चौक पर संपन्न हुआ। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'लोकतंत्र बचाओ' लिखा था। खरगे ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद से जुड़े विषयों पर सदन के बाहर बोल रहे हैं जो विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है। निलंबन के खिलाफ हमारा प्रदर्शन है। सरकार और मोदी जी यह नहीं चाहते कि सदन चले।

#### यह लोकतंत्र नहीं, अधिनायकवाद है, जबरन की जा रही यह कार्रवाई: खरगे

खरगे ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि विपक्षी सांसदों को निलंबित करके महत्वपूर्ण कानूनों को पारित करना लोकतंत्र नहीं बल्कि 'अधिनायकवाद' है। उन्होंने एक्स पर लिखा, पीएम मोदी और उनकी सरकार ये नहीं चाहते कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा अधिकार है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर पीएम और गृह मंत्री बयान दें। उन्होने कहा कि अगर आप सदन में नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे ? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाकी जगहों पर जाकर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं। ऐसा करने से उन्होंने सदन का अपमान किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का थोक में निलंबन 'लोकतंत्र की हत्या' का प्रतिनिधित्व करता है।




### अंतिम दिन भी विपक्ष के 3 और सांसद निलंबित

संसद की सुरक्षा में चूक और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामे के बाद विपक्षी सांसदों का निलंबन अंत तक जारी रही। गुरुवार को तीन और कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश, दीपक बैज और नकुल नाथ संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। इस तरह से निलंबित सांसदों की संख्या बढ़कर 146 हो गई है। इनमें 100 लोकसभा के सांसद हैं, जबकि 46 राज्यसभा के सांसद हैं। संसद में सांसदों के निलंबन का सिलसिला 4 दिसंबर को शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान हुआ है। संसद की सुरक्षा में चूक के बाद 14 दिसंबर को 14, सोमवार को 78, मंगलवार को 49, बुधवार को दो और गुरुवार को तीन सांसदों को निलंबित कर दिया गया। सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी पार्टी के सांसद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। संसद के परिसर में विपक्षी पार्टियों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने के खिलाफ राजग के सांसद भी प्रदर्शन किया।



### लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, सदन में पीएम मोदी भी पहुंचे

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। शोर शराबे, जोरदार हंगामे और प्रदर्शनों के बाद संसद का शीतकालीन सत्र खत्म हो गया। सदन की टकराहट सड़क तक पहुंची। एक तरफ सांसदों के निलंबन का इतिहास बना तो दूसरी तरफ सभापति का अपमान भी हॉट टॉपिक बना।



### मायावती का 'गठबंधन' पर निशाना

#### राजनीति में कब, किसको किसकी जरूरत पड़ जाए...



बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस पर निशाना साधा है। उन्होंने गठबंधन से दूरी बनाने वाले दलों के बारे में बेमतलब की टीका-टिप्पणी नहीं करने की सलाह देते हुए गुरुवार को कहा कि भविष्य में कब, किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, यह कहा नहीं जा सकता। मायावती ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि विपक्ष के गठबंधन में बसपा सहित जो भी पार्टियां शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी का भी फिजूल की टीका-टिप्पणी करना सही नहीं है। मेरी उन्हें सलाह है कि वह इससे बचें। पार्टियों को बाद में काफी शर्मिंदगी उठानी पड़े यह ठीक नहीं है। सपा जीता जागता उदाहरण है।

राहुल गांधी के 'जेबकतरे' बयान पर हाईकोर्ट बोला

## ऐसा कथन 'ठीक' नहीं, चुनाव आयोग 8 हफ्ते में करे फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कुछ दिन पहले पीएम मोदी के लिए 'जेबकतरा' शब्द का इस्तेमाल किया था।

भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी। पीएम को लेकर राहुल गांधी ने यह अपमानित शब्द 22 नवंबर को उनके खिलाफ दिए गए भाषण में इस्तेमाल किया था। इस शब्द के इस्तेमाल पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम को 'जेबकतरा' कहा गया था यह शब्द उनके मुंह से निकलना सही नहीं था।

### ईसी इस मामले की कर रहा जांच

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यद्यपि कथित बयान "अच्छे नहीं" हैं। चुनाव आयोग (ईसी) इस मामले की जांच कर रहा है और उसने गांधी को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।




जिला जज ने दिया निर्णय

## 'मुस्लिम पैरोकार' गैरमौजूद रहे ज्ञानवापी पर 3 को होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में एएसआई सर्वे को लेकर फैसला नहीं आया है। जिला जज ने मामले की सुनवाई 3 जनवरी 2024 को तय की है। अदालत ने यह फैसला कोर्ट में मस्जिद पक्ष की अनुपस्थिति की वजह से सुनाया है। एएसआई की टीम ने जिला जज की अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। इस पर गुरुवार को फैसला आना था।मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आवेदन देकर मांग की थी कि परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट सील बंद होनी चाहिए और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए।



### कोर्ट में पेश नहीं हुए मुस्लिम पक्ष

सुनवाई के दौरान डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हिंदू पक्ष मौजूद रहा, लेकिन मुस्लिम पक्ष की तरफ से कोई भी मौजूद नहीं था। जिला जज ने कहा कि अगर दोनों पक्ष होंगे तभी इस मामले पर सुनवाई होगी। हालांकि इंतजामिया की तरफ से कोई वकील मौजूद नहीं था। इसके बाद तिथि आगे बढ़ा दी है।

17वीं लोक सभा का चौदहवां सत्र संपन्न हुआ

## लोकसभा के चौदहवें सत्र के दौरान 14 बैठकें हुईं, जो 61 घंटे और 50 मिनट तक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

17वीं लोक सभा का चौदहवाँ सत्र, जो गत 4 दिसंबर को शुरू हुआ था बृहस्पतिवार को सम्पन्न हो गया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विदाई भाषण में सदन के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए सदस्यों को सूचित किया कि सत्र के दौरान 14 बैठकें हुईं जो लगभग 61 घंटे 50 मिनट तक चली ।

उन्होंने बताया कि लोक सभा के चौदहवें सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही । बिरला ने यह जानकारी भी दी कि सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गये और 18 विधेयक पारित किये गये । सत्र के दौरान सदन द्वारा पारित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता , 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता , 2023,भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023; और दूरसंचार विधेयक, 2023 शामिल रहे।

वर्ष 2023 -24 के लिए अनुदानों की पूरक मांगों को तथा वर्ष 2020-21 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों को मतदान के उपरांत पारित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि सत्र के दौरान 55 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए ।

सत्र के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए। अध्यक्ष ने सदन का ध्यान इस ओर दिलाया कि लोक सभा की विभागों से संबंधित स्थायी समितियों ने 35 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए । निदेश 73क के अधीन 33 वक्तव्य दिए गए और संसदीय कार्य के संबंध में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन वक्तव्यों सहित कुल 34 वक्तव्य दिए गए। बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान कुल 1930 दस्तावेज़ सभा के पटल पर रखे गए ।

# भाजपा ने फिर शुरू की 'स्नेह यात्रा, लोकसभा की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

लोकसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। केरल में भाजपा ने गुरुवार को अपनी 'स्नेह यात्रा' फिर से शुरू कर दी है। यह एक पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य राज्य में ईसाई समुदाय को पार्टी से जोड़ना है। भाजपा ने इसकी शुरुआत ईस्टर के दौरान शुरू की थी। केरल में ईसाईयों की आबादी 19फीसदी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कक्कनाड में सिरो मालाबार चर्च के पूर्व प्रमुख कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी से मुलाकात की और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।



क्रिश्चियंस के सहारे केरल में कमल खिलाने की योजना

### प्रदेशाध्यक्ष ने बंद कमरे में की गुफ्तगू

सुरेंद्रन ने बाद में एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि राज्य में 'स्नेह यात्रा' की शुरुआत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चर्च प्रमुखों के साथ अपनी बैठकों की तस्वीरें भी साझा कीं। चर्च के अधिकारियों और भाजपा नेतृत्व ने अभी तक बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान चर्चा के विषयों को स्पष्ट नहीं किया है। एक भाजपा नेता ने कहा कि एलेनचेरी के साथ बैठक 45 मिनट से अधिक समय तक चली और यह एक गर्मजोशी भरी और मित्रतापूर्ण बैठक थी।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्ष के राजनेताओं को भी बुलावा

# सोनिया- मनमोहन और खरगे को भी मिला न्योता

## राम मंदिर ट्रस्ट ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने का पूरा इंतजाम कर लिया गया है। इस समारोह को लेकर किसी प्रकार की राजनीति न हो, इसको लेकर भी विशेष कदम उठाए गए हैं। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी न्योता दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया।



### खरगे ने स्वीकारा

मनमोहन सिंह अस्वस्थ हैं। पिछले दिनों वे राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान व्हील चेयर पर दिखे थे। मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया। नृपेंद्र ने पहले ही खरगे से समय मांगा था। खरगे ने कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

**कार्यक्रम में शामिल होने पर बाद में फैसला**

राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने पर कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से अभी फैसला न लिए जाने की भी बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि समारोह में शामिल होने पर फैसला कार्यक्रम के पास आने पर लिया जा सकता है। माना जा रहा है कि कांग्रेस से किसी नेता के इस कार्यक्रम में जाने की उम्मीद है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

### राजनेताओं को भेजा जा रहा आमंत्रण

ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्न दलों के राजनीतिक नेताओं को आमंत्रित कर रहा है। पंजाब जैसी कांग्रेस की कई राज्य इकाइयां पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वे बसों में तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या का मुद्दा प्रमुखता से उभरने की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में गैर- भाजपा दलों के बीच चुनाव पर इसके प्रभाव के बारे में अभी अनिश्चितता जताई जा रही है। ऐसे में राम मंदिर के मुद्दे पर लोग अधिक चर्चा करने से बचते दिख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गुजरात में पवन ऊर्जा का ठेका सुजलॉन को मिला



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को केपी समूह से गुजरात में 193.2 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने का ठेका मिला है। केपी ग्रुप के लिए 193.2 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना विकासित करने का नया ऑर्डर गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा योगदान बढ़ाने के लिए परियोजना का हिस्सा होगा।

### कोयला उत्पादन एक अरब टन को पार कर जाएगा

**नई दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने विश्वास जताया कि चालू वित्त वर्ष में देश का कोयला उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश का जीवाश्म ईंधन का उत्पादन लक्ष्य 101.21 करोड़ टन है। 'इस साल हम एक अरब टन उत्पादन स्तर को पार करने जा रहे हैं।'

### रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.27 प्रति डॉलर

**मुंबई।** लाल सागर मार्ग के जरिये वैश्विक व्यापार में व्यवधान के बीच विदेशी कोषों की निकासी से बृहस्पतिवार को रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों के सकारात्मक रुख और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर रुपये पर पड़ा।

## वैश्विक आयोजनों से आतिथ्य क्षेत्र में हुई प्रगति

# आतिथ्य क्षेत्र 2023 में पटरी पर लौटा 2024 में नए अवसर भुनाने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक महामारी का संकट खत्म होने के बाद घरेलू यात्राओं के एक बार फिर सामान्य होने.. भारत की जी20 अध्यक्षता और पुरुष क्रिकेट विश्व कप जैसे वैश्विक आयोजनों से 2023 में आतिथ्य क्षेत्र के प्रगति करने के बाद 2024 में भी इस क्षेत्र के बेहतरीन प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

आतिथ्य क्षेत्र में नए साल में हालांकि दीर्घकालिक कोष पहुंच, उच्च जीएसटी दरें, प्रतिभा अधिग्रहण तथा जटिल व्यावसायिक प्रक्रिया जैसे मुद्दे चिंता का विषय बन सकते हैं।

### दोहरे अंक में राजस्व वृद्धि

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष पुनीत छतवाल ने कहा, '2023 में सूचीबद्ध होटल कंपनियों ने घरेलू मांग, विदेशी पर्यटकों के आगमन में सुधार, बड़े वैश्विक आयोजनों जैसे भारत की जी20 अध्यक्षता और क्रिकेट विश्व कप खेल आयोजन आदि के दम पर दोहरे अंकों में राजस्व वृद्धि दर्ज की।'

### होटल कंपनियों ने घरेलू मांग में किया सुधार







*पहले छमाही में रेवपार में 14 फीसदी की वृद्धि : छतवाल इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी हैं। उन्होंने कहा कि विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार, इस क्षेत्र ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में राजस्व प्रति उपलब्ध कक्ष (रेवपार) में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।*

### जी20 के आयोजन से पर्यटन को बढ़ावा मिला

'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पिछले वर्ष ने अभूतपूर्व चुनौतियों से निपटने में इस क्षेत्र के लचीलेपन को प्रदर्शित किया, खासकर यात्रा व्यापार के पुनरुद्धार को लेकर .. जी20 के आयोजनों ने भारतीय पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो 2023 के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है।

### छोटे कस्बों व शहरों में समान संभावनाएं

फॉर्च्यून होटल्स के प्रबंध निदेशक समीर एमसी ने कहा, ' हम छोटे कस्बों और शहरों में बड़े पैमाने पर संभावनाएं देखते हैं जो रोमांचक अवसर पेश करते हैं।'समीर ने कहा, हमने 2023 में पर्यटन क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पुनरुत्थान देखा है, जो घरेलू यात्रा तथा अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की क्रमिक वापसी के दम पर संभव हो पाया।

### लोगों के यात्रा करने की संख्या बढ़ी

वैश्विक महामारी के बाद उद्योग को भविष्य में पेश होने वाली हर चुनौती के लिए तैयार कर दिया गया है। यह सकारात्मक गति हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कविंदर सिंह ने कहा कि आरामदायक यात्रा, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सप्ताहांत अवकाश तथा परिवार के साथ अच्छा समय बिताने की इच्छा से लोगों के यात्रा करने की संख्या बढ़ी है।

## सोने में 50 की गिरावट चांदी 600 रुपये उछली



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मंदी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये चढ़कर 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध की कीमत 25 रुपये बढ़कर 62,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एक्सचेंज में चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत भी 126 रुपये घटकर 75,360 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। वैश्विक बाजारों में सोना घटकर 2,037 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी तेजी के साथ 24.25 डॉलर प्रति औंस हो गई।


## महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 01.02.2024 से रेलगाड़ी सं. 12915/12916 अहमदाबाद–दिल्ली जं. –अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस के आवागमन हेतु अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। ठहराव की समय–सारणी निम्नानुसार होगा:–

| गाड़ी सं. 12915 अहमदाबाद–दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस | | | | स्टेशन | गाड़ी सं. 12916 दिल्ली–अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान | | संशोधित | | | संशोधित | | वर्तमान | |
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:25 | -- | -- | अहमदाबाद | -- | -- | 06:20 | -- |
| 19:38 | 19:40 | -- | 19:40 | साबरमती | 05:55 | -- | 05:30 | 05:32 |
| साबरमती स्टेशन के बाद समय–सारणी में कोई परिवर्तित नहीं। | | | | | | | | |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें — आज़ादी का अमृत महोत्सव — 4000/23


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एम.एस.एम.ई. सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिकाः आचार्य बालकृष्ण



**हरिद्वार।** ग्रामीण एवं एम.एस.एम.ई. के विकास में पतंजलि द्वारा किए जाने वाले योगदान एवं सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के संदर्भ में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने नई दिल्ली में कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार माननीय नारायण तातू राणे जी व राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा जी के साथ विस्तृत चर्चा की। वार्ता के दौरान माननीय मंत्री राणे जी ने पूज्य स्वामी जी के नेतृत्व में पतंजलि द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए पतंजलि के द्वारा और बड़ी भूमिका का निर्वहन करने की आवश्यकता है। पतंजलि देश के विकास के लिए एवं गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एम.एस.एम.ई. सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि पतंजलि की सेवाओं का विस्तार उत्तराखण्ड के दुर्गम पहाड़ों से लेकर उत्तर पूर्व के गांवों तक फैला है। हमने दुर्गम व पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित कर समृद्धि के द्वार खोले हैं तथा गांवों से पलायन रोका है। आचार्य जी ने कहा कि देश के विकास की राह गांव से होकर ही गुजरती है, अतः हमें अपने गांवों को समृद्ध करना होगा।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 359 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 359 अंक का उछाल आया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 358.79 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70,865.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 104.90 अंक की तेजी के साथ 21,255.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 21,288.35 अंक तक गया और नीचे में 20,976.80 अंक तक आया। ऊर्जा, धातु और बैंक समेत ज्यादातर क्षेत्रों में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार में तेजी आई। आरआईएल और एचडीएफसी का सेंसेक्स के लाभ में 300 अंक से अधिक का योगदान रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड सबये ज्यादा 2.27 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और भारती एयरटेल भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।


## मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड

कार्पो. ऑफिसः 258, दूसरी मंजिल, जेएमडी मेगापोलिस, सेक्टर–48, सोहना रोड, गुरुग्राम, हरियाणा – 122001,
फोनः 0124 – 4037506, ईमेलः crm@millenniumdiplomats.com

### सार्वजनिक सूचना

जैसा कि मैसर्स मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर–110, ग्राम सराय अल्लावर्दी, तहसील गुरुग्राम, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में 10.25 एकड़ क्षेत्र में एक अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी विकसित करने की प्रक्रिया में निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा द्वारा लाइसेंस नंबर 100/2019 दिनांक 05.08.2019 प्रदान किया गया है।

अब मौजूदा भवन योजना, जो पहले अनुमोदित की गई थी, में उपरोक्त लाइसेंस के तहत विकसित किफायती आवास कॉलोनी में नए वाणिज्यिक, कार पार्किंग स्थान, हरित क्षेत्र और बेसमेंट क्षेत्र के लिए प्रस्तावित भवन योजना के कारण परिवर्तन प्रस्तावित किए गए हैं। हालाँकि, मौजूदा टावर के नंबर 1 से 11, आंगनवाड़ी/क्रेच और सामुदायिक भवन के क्षेत्रों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

और जबकि निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ के कार्यालय को मौजूदा भवन योजना के संशोधन के खिलाफ आपत्तियां मांगने की आवश्यकता है, जिन्हें पहले मेमो संख्या ZP-1421/SD(DK)/2021/6584 दिनांक 15.03.2021 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। और अब मेमो संख्या ZP-1421/AD(VK)/2023/41510 दिनांक 08.12.2023 के माध्यम से संशोधित करने का प्रस्ताव है जो कि वेबसाइट www.diplomatsgroup.com पर उपलब्ध हैं।

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उन व्यक्तियों से, जिन्होंने संयुक्त रूप से और अलग–अलग रूप से मौजूदा उक्त कॉलोनी (इसके बाद आवंटियों के रूप में संदर्भित) में फ्लैटों/संपत्ति के आवंटन के लिए बुकिंग की है/खरीद समझौते में प्रवेश किया है, ने उपरोक्त संशोधन से संबंधित होने पर आपत्ति आमंत्रित की है।

उक्त भवन योजना मैसर्स मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में भी उपलब्ध है, कार्यालय का पताः 258, 2वीं मंजिल, जेएमडी मेगापोलिस, सेक्टर–48, सोहना रोड, गुरुग्राम, हरियाणा–122018 और किसी भी आवंटी को संशोधन पर कोई आपत्ति है मौजूदा बिल्डिंग प्लान कंपनी कार्यालय से स्पष्टीकरण ले सकता है या इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर नियोजक, सेक्टर – 14, गुरुग्राम, हरियाणा – 122001 के कार्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज कर सकता है, जिसके बाद यह माना जाएगा कि भवन योजना में प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थानः गुरुग्राम — मैसर्स मिलेनियम डिप्लोमैट्स प्राइवेट लिमिटेड



## ज्योतिष



फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ
7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **नसीम खान** निवासीः ओ–33, लोहा मंडी रोड, ओ–ब्लॉक, वेलकम, सीलमपुर, शाहदरा, दिल्ली ने **सीसी सं. 8031/19 धारा 138 एन.आई. एक्ट** थाना करोल बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नसीम खान** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नसीम खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **नसीम खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.01.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या गुप्ता,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–05, (एन.आई. एक्ट) (केन्द्रीय)
कमरा नं. 02, भूतल,
कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी–1, दिल्ली

DP/14650/CD/2023
(Court Notice)



## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | E-TENDER ENQUIRY NO 06/CWG/2023-24 DATED 03.10.2023 ONLINE TENDER ID 2023_HBC_317152_1 | निविदा खुलने की तिथि 19.12.2023 और निविदा जमा के बंद होने की तिथि 02.01.2024 (13:00 बजे) तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23612/I/88/7 दि. 21.12.23

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | एम.सी. बावल में नाइट शैल्टर का निर्माण + 8 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 1.28 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23591/I/88/7 दि. 21.12.23

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरुग्राम | सेक्टर–58 से 76 एसटीपी बहरामपुर गुरुग्राम और उसके अन्य सहायक क्षेत्रों तक फंक्शनल सीवरेज सिस्टम बनाने हेतु शेष मास्टर सीवर लाइन का प्रावधान और बिछाना (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेदारी अवधि सहित) + 1 कार्य। | 16.12.2023 08.01.2024 | 27.90 करोड़ | https://www.gmda.gov.in | xen4infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/23585/I/88/7 दि. 21.12.23


## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा में सिग्नल प्रोसेसिंग और कम्युनिकेशन (आईसीएससी - 2023) पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन



**नोएडा।** जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी), नोएडा में सिग्नल प्रोसेसिंग और कम्युनिकेशन (आईसीएससी-2023) पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभयकरं दीकर ने किया। 21 और 23 दिसंबर, 2023 के बीच आयोजित तीन दिवसीय हाइब्रिड सम्मेलन में संचार, सिग्नल प्रोसेसिंग, वीएलएसआई एवं एम्बेडेड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग एवं मशीन लर्निंग पर कुल २*ट्रैक (१७ ऑनलाइन /०६ऑफ़लाइन) शामिल होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य इन क्षेत्रों में कुशल इंजीनियरों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। सम्मेलन की कार्यवाही आईईईईएक्सप्लोर द्वारा प्रकाशित की जाएगी। उद्घाटन के दौरान, प्रो. करंदीकर ने इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया और संचार, सिग्नल प्रोसेसिंग, वीएलएसआई एवं एम्बेडेड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग एवं मशीन लर्निंग से संबंधित उभरते क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए जेआईआईटी के समर्पण की सराहना की।


## पहचान की अपील



अज्ञात


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अशोक कुमार अरोड़ा, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात,** आयु लगभग 67 वर्ष, कद 5'4", रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, जो हरे रंग का कुर्ता तथा खाखी रंग की शॉट्र्स पहने हुए दिनांक 18.12.2023 को थाना अधिकार क्षेत्र सदर बाजार, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 30ए दिनांक 18.12.2023 को थाना सदर बाजार, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थानाः सदर बाजार, दिल्ली
फोनः 011–23512412, 8750870124

DP/14762/N/2023



## शब्द पहेली - 5371



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5370 का हल



## सूडोकु नवताल - 5381

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# पिछले साल तक 'माली' थे स्पेंसर, 10 करोड़ में बिके, नीलामी की राशि से मां खुश

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन पिछले साल तक 'लैंडस्केप' माली का काम कर रहे थे लेकिन दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में गुजरात टाइटन्स द्वारा 10 करोड़ रुपए की बड़ी राशि में खरीदे जाने के बाद उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान आ गई है।

ऐसा भी समय था जब लग रहा था कि जॉनसन का क्रिकेट कॅरियर खत्म हो जाएगा। जॉनसन ने यहां पत्रकारों से कहा, 'आठ महीने पहले मेरे पास राज्य क्रिकेट का कोई करार या बिग बैश का अनुबंध भी नहीं था। मैं 'लैंडस्केप' पर पौधे लगाने का काम कर रहा था। इसलिए 8 महीने बाद निश्चित रूप से हालात बदल गए हैं।'

## 'द हंड्रेड' में खींचा ध्यान

*पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की कोचिंग वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी ने ही उन्हें खरीदा जिससे वह गुजरात टाइटन्स के राशिद खान के बाद दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। 'द हंड्रेड' में खेलने के बाद जॉनसन पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान गया और उन्हें आस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए चुना गया। उन्होंने इंदौर में अगस्त में भारत के खिलाफ अपना एकमात्र वनडे खेला जिसमें उन्होंने आठ ओवर में 61 रन दिए लेकिन विकेट नहीं ले सके। उन्होंने अपने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले।*

## आईपीएल आठ महीने पहले नहीं था राज्य क्रिकेट का कोई करार



## 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार

दक्षिण आस्ट्रेलिया के लिए 2017 में पेशेवर पदार्पण के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह तीन साल तक क्रिकेट से बाहर रहे और फिर अनुबंध भी उनके हाथों से चला गया। सर्जरी और 'रिहैबिलिटेशन' के बाद 2022 में इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने दक्षिण आस्ट्रेलिया से फिर अनुबंध किया और इस साल जनवरी में ब्रिसबेन हीट के लिए बिग बैश लीग में पदार्पण किया। पिछले बिग बैश लीग सत्र में इस 28 साल के तेज गेंदबाज ने 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी को आकर्षित किया।

## मां के चेहरे पर मुस्कान

जॉनसन ने कहा कि आईपीएल का लुभावना अनुबंध मिलना विशेष पल है लेकिन इससे ज्यादा संतोषजनक उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान देखना था। बिग बैश लीग मैच से पहले जॉनसन ने कहा, 'एडीलेड में अपनी मां के चेहरे पर 'फेसटाइम' पर मुस्कान देखना अच्छा था। यह मेरे लिए ही खुशी का पल नहीं है बल्कि मेरे पूरे परिवार के लिए खुशी का पल है। यह काफी विशेष है।'

## हमने सही खिलाड़ी को चुना : प्रीति शशांक पर पंजाब का स्पष्टीकरण

*नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने बुधवार को स्पष्टीकरण जारी किया कि दुबई में आईपीएल नीलामी के दौरान उन्होंने सही क्रिकेटर को अपने साथ जोड़ा है जबकि इस तरह की खबरें थी कि नाम में भ्रम के कारण उन्होंने 'गलत' खिलाड़ी के लिए बोली लगा दी। मंगलवार को शशांक सिंह को नीलामी के अंतिम लम्हों में खरीदा गया जब विभिन्न फ्रेंचाइजी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए के उनके आधार मूल्य पर खरीदने का प्रयास कर रहीं थी। नीलामी की संचालनकर्ता ने जब शशांक के नाम की घोषणा की तो पंजाब किंग्स की सह मालिक प्रीति जिंटा ने तुरंत ही बोली लगा दी और यह क्रिकेटर बिक गया। खबरों के अनुसार फ्रेंचाइजी ने बाद में 'महसूस' किया कि उन्होंने गलती कर दी है और उन्होंने बोली वापस लेने के लिए नीलामी संचालनकर्ता से संपर्क किया। अपने स्पष्टीकरण में पंजाब किंग्स ने कहा, 'मीडिया ने शशांक सिंह के बारे में लिखा है कि पंजाब किंग्स ने उन्हें गलती से खरीद लिया। पंजाब किंग्स स्पष्ट करना चाहते हैं यह खिलाड़ी हमेशा उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल था जिन पर हमें बोली लगानी थी।'*



### छत्तीसगढ़ निवासी हैं शशांक सिंह

पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि सही खिलाड़ी चुना गया है और फ्रेंचाइजी की पिछले कुछ समय से उन पर नजरें थी। अधिकारी ने कहा, 'हमने सही खिलाड़ी को चुना है। पिछले कुछ समय से हम उस पर नजर रखे हुए थे। वह छत्तीसगढ़ का 32 साल का खिलाड़ी है जो 2022 सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था।' उन्होंने कहा, 'खबरों में इसी नाम के 19 साल के क्रिकेटर के साथ भ्रम हो रहा है।'

## खबर संक्षेप



### प्रणवी ने हासिल किया पूर्ण एलईटी कार्ड

**मराकेश।** भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम चरण में संयुक्त 31वें स्थान पर रहकर 2024 के लिए लेडीज यूरोपीय टूर का पूर्ण कार्ड हासिल किया। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शानदार प्रदर्शन किया और बैक नाइन पर कुछ परेशानियों से जूझते हुए वह अंतिम दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने में सफल रहीं जिससे उनका कुल स्कोर 12 अंडर 351 रहा। प्रणवी इस तरह एलईटी टूर पर हमवतन गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक के साथ शामिल हो गईं जो टूर की पहले ही पूर्ण सदस्य हैं।

### स्टोक्स, आर्चर के लिए टीम में रहेगी जगह

**तारोबा।** इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि स्टार आल राउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की मैच जिताने की काबिलियत को देखते हुए उनका 2024 टी20 विश्व कप के लिए टीम में होना निहायत जरूरी है। इसलिए चोट से जूझ रहे इन दोनों खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बनी रहेगी। स्टोक्स के घुटने का नवंबर में ऑपरेशन हुआ था और उनके अगले साल जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की कप्तानी के लिए फिट होने की उम्मीद है। वहीं आर्चर कोहनी की चोट के कारण मार्च से इंग्लैंड के लिए नहीं खेले हैं।

### चोटिल शहजाद टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली में फ्रेक्चर और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की खुर्रम शहजाद की बायीं पसली में फ्रैक्चर है तथा विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला किया गया कि वह मेलबर्न में 26 दिसंबर से और सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।



### अली ने निदेशक पद के लिए किया आवेदन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान अजहर अली ने लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के निदेशक पद के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एनसीए के निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार अजहर ने न सिर्फ आवेदन किया है बल्कि उन्होंने इस पद में गहरी दिलचस्पी भी दिखाई है।

## क्रिकेट : भारत ने पहली पारी में एक विकेट पर बनाए 98 रन

# पूजा ने चौंकाया, स्नेह को तीन विकेट ऑस्ट्रेलिया 219 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने गुरुवार को यहां एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पिच से मिल रही असमान उछाल का पूरा फायदा उठाया। इससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 219 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना (नाबाद 43) और शेफाली वर्मा (40 रन) ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं।

दिन के खेल के दौरान भारत के दबदबे की शुरुआत पूजा (चार विकेट) ने की जिन्होंने स्नेह (तीन विकेट) और दीप्ति शर्मा (दो विकेट) के साथ मिलकर ताहलिया मैकग्रा (50 रन) के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी में 77.4 ओवर में समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (00) का विकेट गंवा दिया जो बेथ मूनी के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुईं। चार गेंद बाद पूजा की शानदार गेंद पर एलिस पैरी (04) बोल्ड हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो ओवर में सात रन पर दो विकेट हो गया।



### पूजा का चौथा शिकार बनी गार्डनर

कप्तान एलिसा हीली (38) और अनाबेल सदरलैंड (16) ने 40 रन की साझेदारी के दौरान अच्छे फुटवर्क का नजारा पेश किया लेकिन एलिसा, दीप्ति की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हो गईं। पूजा ने इसके बाद अनाबेल को पगबाधा करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया। एशले गार्डनर (11) पूजा का चौथा शिकार बनीं जिन्होंने ऑफ साइड के बाहर की गेंद से छेड़छाड़ करने की कोशिश में विकेटकीपर को कैच थमाया। ऑस्ट्रेलिया की निचले क्रम की बल्लेबाजों ने हालांकि टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। जेस योनासेन (19) और किम गार्थ (नाबाद 28) ने नौवें विकेट के लिए 93 गेंद में 30 रन की साझेदारी की। योनासेन के आउट होने के बाद लॉरेन चीटल (06) ने किम का अच्छा साथ निभाया जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगी स्वीटी

एजेंसी ▸▸ ग्रेटर नोएडा

गत विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगी जहां वह 81 किग्रा वर्ग में अपने खिताब की रक्षा करने के इरादे से उतरेंगी। प्रतियोगिता में 300 से अधिक मुक्केबाज 12 वजन वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

विश्व चैंपियनशिप 2014 में लाइट हैवीवेट वर्ग की रजत पदक विजेता हरियाणा की स्वीटी ने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण (2022), रजत (2015) और कांस्य (2021) पदक भी जीते हैं। एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सातवें सत्र में तोक्यो ओलंपियन पूजा रानी 75 किग्रा वर्ग जबकि हरियाणा की 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन 60 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगी। मनीषा को सेना खेल नियंत्रण बोर्ड की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन से कड़ी टक्कर मिलेगी।दो युवा विश्व चैंपियन एसएससीबी की अरुणधति और असम की अंकुशिता बोरो 66 किग्रा वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। पिछले सत्र में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने 10 पदक जीते थे और इस बार भी वह इस सफलता को दोहराना चाहेगा।



## अफ्रीका टी-20 लीग में शास्त्री करेंगे कमेंट्री



*नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री को 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस भी कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं। एसए20 लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'हम एसए20 के दूसरे सत्र के लिए मौजूद कमेंटेटरों और प्रस्तोताओं की क्षमता से रोमांचित है।'*

## जिम्बाब्वे के क्रिकेटर वेस्ले और मावता बैन

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आल राउंडर वेस्ले माधेवेरे और ब्रैंडन मावुता को गुरुवार को डोपिंग रोधी नियमों के कथित उल्लघंन के लिए निलंबित कर दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि माधेवेरे और मावुता को टूर्नामेंट के इतर की गयी जांच में प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव पाया गया। हालांकि इस जांच की तारीख नहीं दी गयी है। संचालन संस्था ने कहा कि खिलाड़ियों के खिलाफ आरोप तय किये गए हैं और वे जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए प्रस्तुत होंगे। माधेवेरे और मावुता हाल में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में खेले थे।



## वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में सात नए चेहरे

**सेंट जोन्स।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में सात नए चेहरे शामिल किए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बुधवार को कहा कि टीम का नेतृत्व क्रैग ब्रैथवेट करेंगे, जबकि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को नया उप कप्तान नियुक्त किया गया है। जिन सात नए खिलाड़ियों को टीम में लिया गया है, उनमें बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कासी, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज और केविन सिंक्लेयर तथा तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं।

## लक्ष्य, आकर्षी ने तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में जगह बनाई। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप भी दूसरे दौर की चुनौती पार करने में सफल रहीं। सेन ने टी सिद्धार्थ को 25 मिनट में आसानी से 21-8, 21-5 से पराजित किया।

आकर्षी को हालांकि रितुपर्णा दास से चुनौती मिली लेकिन वह 32 मिनट में 21-18, 21-11 की जीत से तीसरे दौर में पहुंची। बीडब्लूएफ 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को नीर नेहवाल से मुश्किल का सामना करना पड़ा लेकिन वह 23-25, 21-18, 21-12 से जीत हासिल करने में सफल रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा ने सुजेन बुरहागोहेन को 21-13, 21-10 से शिकस्त। अबुधाबी मास्टर्स 2023 चैम्पियन उन्नति हुड्डा ने झारखंड की मनीषा रानी टिर्की को 21-11, 21-17 से पराजित किया।




### आस्ट्रेलियन की परेशानी बढ़ाने की रणनीति थी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में चार विकेट लेने वाली भारतीय तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला टीम की रणनीति सीम लेकर भीतर की ओर आती गेंदों पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाने की थी। वस्त्राकर ने 53 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने पहली पारी में आस्ट्रेलिया को 219 रन पर आउट कर दिया। वस्त्राकर ने पहले दिन के खेल के बाद कहा, 'मेरे पास आउटस्विंग है लेकिन मैने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के वीडियो देखे हैं जिन्हें इनस्विंगर खेलने में दिक्कत आती है। हमने अभ्यास के दौरान इस पर मेहनत की।

## फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में पीएसजी ने मेट्ज को 3-1 से हराया

# एमबाप्पे ने 25वें जन्मदिन पर दागे दो गोल

एजेंसी ▸▸ पेरिस

काइलियन एमबाप्पे के लिए उनका 25वां जन्मदिन यादगार बन गया। फ्रांस के इस स्टार फुटबॉलर ने पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में दो गोल करके अपनी टीम को मेट्ज पर 3-1 से जीत दिलाई। यही नहीं उनके छोटे भाई 16 वर्षीय एथन एमबाप्पे ने इस मैच से लीग वन में पदार्पण किया। वह बुधवार को खेले गए मैच में इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे, जो काइलियन एमबाप्पे के लिए जन्मदिन पर बोनस जैसा था।

### छोटे भाई एथन एमबाप्पे ने किया पदार्पण



### लीग में दागा 18वां गोल

काइलियन एमबाप्पे के लीग में अब 18 गोल हो गए हैं और वह गोल करने वाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। उन्होंने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 21 गोल किए हैं। मोनाको से 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद वह इस क्लब की तरफ से 282 मैच में 233 गोल कर चुके हैं। काइलियन एमबाप्पे का इस सत्र के बाद पीएसजी के साथ अनुबंध समाप्त हो जाएगा और उन्होंने अभी तक ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं कि वह अनुबंध आगे बढ़ाएंगे या किसी अन्य क्लब से जुड़ेंगे।

### बार्सिलोना ने फिर से पकड़ी जीत की राह

मैड्रिड। बार्सिलोना की टीम अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करने में नाकाम रही लेकिन इसके बावजूद उसने अंतिम स्थान की टीम अल्मेरिया को 3-2 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से जीत की राह पकड़ी। बार्सिलोना इससे पहले पिछले तीन मैच में जीत दर्ज नहीं कर पाया था और वह जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब था। इस जीत से बार्सिलोना के 18 मैच में 38 अंक हो गए हैं। वह गिरोना (44) और रीयाल मैड्रिड (42) के बाद तीसरे स्थान पर है। उसने हालांकि इन दोनों टीम से एक मैच अधिक खेला है। अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर काबिज एथलेटिक बिलबाओ ने अपने घरेलू मैदान पर नौवें स्थान की टीम लास पालमास को 1-0 से जबकि विलारीयाल ने सेल्टा विगो को 3-2 से हराया।

## इंटर मियामी के लिए छह मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी का यह इंटर मियामी में पहला पूर्ण सत्र होगा। मियामी अमेरिका की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग सॉकर में अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को रियल साल्ट लेक के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर करेगा। मेजर लीग सॉकर ने बुधवार को अगले सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित किया। इसके अनुसार प्रत्येक टीम 34 मैच खेलेगी। विश्व की अधिकतर फुटबॉल लीग फीफा के कार्यक्रम के दौरान अपने मैचों का आयोजन नहीं करती हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान भी लीग को जारी रखने का फैसला किया है। इससे कई शीर्ष खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे।






**रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज**

# कश्मीर में 40 दिन की कठोर सर्दी... 'चिल्ला-ए-कलां' की दस्तक

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि चिल्ला-ए-कलां गुरुवार को शुरू हो गई, जिसके दौरान कई स्थानों पर पारा जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। यानी तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**खास बातें**

- तापमान में गिरावट के कारण जम गए जलस्रोत
- कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने कर दिया मजबूर
- बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित



### मौसम विज्ञानियों का दावा- तापमान में गिरावट के कारण जमने लगे जलस्रोत

*मौसम विज्ञानियों ने कश्मीर में अगले कुछ दिनों में आम तौर पर शुष्क मौसम का पूर्वानुमान लगाया है। तापमान में गिरावट के कारण धीमी गति से चलने वाले कई जलस्रोत जम गए हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति पाइप भी जम गए हैं। तीव्र शीत लहर ने शहर में लोगों को गर्म रहने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने के लिए मजबूर कर दिया है। कश्मीर के कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति अनियमित होने के कारण लोगों ने ठंड से बचने के लिए कांगड़ी का सहारा लिया है। तापमान में गिरावट के कारण बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी समस्याएं बढ़ गई हैं।*

**चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को हो जाएगा समाप्त**

*परंपरागत रूप से घाटी के निवासी सर्दियों के महीनों के दौरान ताजी सब्जियों की कमी को दूर करने के लिए सूखी सब्जियों का सेवन करते थे क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर-जम्मू अक्सर बंद रहता था। जबकि सूखी सब्जियां अभी भी व्यंजनों के रूप में खाई जाती हैं हालांकि जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग अब बार-बार बंद नहीं होता है। चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद भी कश्मीर में 20 दिनों की चिल्लई-खुर्द (छोटी ठंड) और 10 दिनों की चिल्लई-बच्चा (बच्चा ठंड)) के साथ शीत लहर जारी रहती है।*

### बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक


*बताना चाहेंगे चिल्ला-ए-कलां 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि है जब इस क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान काफी गिर जाता है जिससे यहां की प्रसिद्ध डल झील के साथ-साथ घाटी के कई हिस्सों में जल आपूर्ति लाइनों सहित जल निकाय जम जाते हैं। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक और अधिकतम होती है और अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। इस दौरान फ्लू, खांसी और सर्दी जैसी सामान्य बीमारियों से बचने के लिए लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं।*

### गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस

*वहीं अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस, बारामूला जिले के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग शहर में पारा शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।*

## हमास का खात्मा करेंगे: नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया।



जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्षविराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है।

**बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक:** हालांकि इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय संघर्षविराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं।

दरअसल अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्ष विराम का दबाव बना रहे हैं। तो वहीं बेंजामिन नेतन्याहू ने अब इस मामले पर अपना रुख साफ कर दिया है, यह कहकर कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा।

**अजरबैजान दे चुका धमकी**

## समझौता: आर्मीनिया को और हथियार बेचेगा भारत, अजरबैजान को लगी मिर्ची

■ 6 हजार करोड़ रुपए की डील पर लगी मुहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अजरबैजान के विरोध के बावजूद भारत एक बार फिर आर्मीनिया को हथियार की एक बड़ी खेप निर्यात करने की तैयारी में है। भारत स्वदेश में निर्मित आकाश एंटी-एयर सिस्टम आर्मीनिया को निर्यात करेगा। इसमें रॉकेट लॉन्चर, तोप, गोला-बारूद के साथ-साथ ड्रोन भी शामिल हैं।

आकाश भारत की पहली स्वदेश निर्मित मध्यम श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। भारत यह हथियार वियतनाम और फिलीपींस को भी निर्यात की तैयारी में है। हथियारों की खेप भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ हुई 6 हजार करोड़ रुपए की डील के तहत आर्मीनिया को निर्यात किया जाना है। जिसमें मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, आर्टिलरी गन, गोला-बारूद और ड्रोन का निर्यात भी शामिल हैं।

**अजरबैजान ने दी थी चेतावनी**

भारत, आर्मीनिया को ऐसे समय में हथियार निर्यात करने की तैयारी में है, जब हाल ही में अजरबैजान ने भारत और फ्रांस को चेतावनी देते हुए कहा था कि आर्मीनिया को हथियार निर्यात करने वाले देश आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने 6 दिसंबर को कहा था कि भारत और फ्रांस जैसे देश आर्मीनिया में भ्रम पैदा कर रहे हैं कि इन हथियारों की बदौलत वो काराबाख को वापस ले सकते हैं। नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर अजरबैजान और आर्मीनिया में दशकों से विवाद है। नागोर्नो-काराबाख फिलहाल अजरबैजान के कब्जे में है। अलीयेव ने कहा था कि भारत और फ्रांस की ओर से आर्मीनिया को जारी हथियार आपूर्ति से क्षेत्र में एक नया युद्ध शुरू हो सकता है। अगर आर्मीनिया को भारत और फ्रांस से महत्वपूर्ण हथियार मिलना शुरू हो जाता है तो अजरबैजान प्रतिक्रिया देने के लिए बाध्य होगा।

### भारत आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा

अक्टूबर 2023 में आर्मीनिया के एक सीनियर अधिकारी हथियार डील के संबंध में चर्चा करने के लिए भारत आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारी ने कहा था कि आर्मीनिया की जरूरतों के अनुसार भारत एक विश्वसनीय हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। भारत ने पहली खेप में पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, एंटी-टैंक मिसाइल, रॉकेट और गोला- बारूद भेजा था। पिछले साल नवंबर में कल्याणी स्ट्रैटजिक सिस्टम्स ने भी आर्टिलरी गन निर्यात के लिए एक अज्ञात विदेशी ग्राहक के साथ 155 मिलियन डॉलर की डील की घोषणा की थी।

**दुनियाभर में अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ा रहा भारत**

# एयरोस्पेस नई ऊंचाइयों पर, कई देशों ने आकाश मिसाइल सिस्टम में दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रक्षा उद्योग देश की जरूरते पूरी करने के साथ ही दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। इसी कड़ी में स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्त्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्मनिर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

*आकाश मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया। इसमें सतह से हवा में मार करने की क्षमता है।*

**खास बातें**

- आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर
- फिलीपींस, ब्राजील और मिस्त्र भी बढ़ा रहा भारत की ओर हाथ
- आकाश मिसाइल की रेंज 25 किमी

### मुंबई में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन




आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अगले महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच, ब्राजील, मिस्त्र और फिलीपींस सहित कई देशों ने आकाश मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामथ ने प्रतिभाशाली युवाओं को रक्षा अनुसंधान और विकास की ओर आकर्षित करने के लिए मुंबई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन किया था।

### आकाश मिसाइल की यह है खासियत

*स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किए जाने के लिए 30 दिसम्बर 2020 को मंजूरी मिली थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है। इस मिसाइल को 2014 में वायुसेना और 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। इस मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया, जिस पर कई मित्र देशों ने इसके प्रति रुचि दिखाई।*

**सेना कर रही प्रयोग**

*आकाश मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है। इस सिस्टम के कई उन्नत संस्करणों का विकास किया गया है। वायु सेना ने 12 दिसंबर को सूर्यलंका वायु सेना स्टेशन पर 'अस्त्र शक्ति' के दौरान स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली की एक ही फायरिंग से एक साथ मानव रहित चार लक्ष्यों पर निशाना साधकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।*



### 'आईएनएस कदमत्त' पहुंचा थाईलैंड, समुद्री सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय युद्धपोत आईएनएस कदमत्त 19 दिसम्बर मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक बंदरगाह पर पहुंचा। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तरी प्रशांत महासागर और दक्षिण चीन सागर में भारत-थाई समुद्री सहयोग को मजबूत और दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। आईएनएस कदमत्त भारतीय नौसेना के चार स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट में से एक है। 7 जनवरी, 2016 को संचालित किये गए इस जहाज ने मित्र देशों के साथ कई संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों में भाग लिया है और क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री संबंधों को बढ़ावा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से सुसज्जित है, जो उसे कई प्रकार के मिशनों को अंजाम देने में सक्षम बनाता है।

**सीईसी-ईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ा विधेयक संसद में पास**

# केंद्र सरकार का अफसर बनेगा चुनाव आयोग में आयुक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से लोकसभा में पारित कर दिया गया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने कहा था कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण नियंत्रण करना चाहती है।



**खास बातें**

- राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे कर दिया था पारित
- विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया
- कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा

*नए कानून के आकार लेने के बाद केंद्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे।*

### भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 राज्यसभा में हुआ पास

*राज्यसभा ने दूरसंचार क्षेत्र में रिफॉर्म से जुड़े विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा में इस विधेयक को 20 दिसंबर को पास किया गया। इसके साथ ही अब भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 को संसद की मंजूरी मिल चुकी है। यह विधेयक कानून बनने के बाद यह विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 तथा टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 का स्थान लेगा। बहस में विपक्ष नहीं थे।*

**विपक्ष नें नहीं किया...**

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 देश में चुनाव कराने से जुड़ा है। इसके दूसरे भाग में कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद एक कानून बनाएगी, लेकिन विपक्ष ने सत्ता में रहते हुए ऐसा नहीं किया।

**राष्ट्रपति करेंगे नियुक्ति**

विधेयक के प्रावधानों के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता, सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। केन्द्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे। विपक्ष के कुछ नेताओं ने चर्चा के दौरान विधेयक का विरोध किया और कहा कि इससे सरकार मनमाने ढंग से नियुक्ति करेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109